राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

सूर्योदय भास्कर

उजाला सच का

CBC Newspaper Code : 134575

RNI Regn, No. : UPHIN/2023/84452

WEB SITE : SURYODAY BHASKAR.IN | E-mail : suryodyabhaskar2@gmail.com | PHONE : 7007784396

लखनऊ | बुधवार 04 नवंबर 2026 | वर्ष : 03 अंक : 212 पृष्ठ : 08 | मूल्य : 01 रुपया

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित

अयोध्या दीपोत्सवः कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं पीएम मोदी, गोरखपुर जोन से मांगी गई फोर्स



गोरखपुर – सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि आवंटित बल चार नवंबर तक अयोध्या पहुंचकर एसएसपी को अपनी आमद दर्ज कराए। ड्यूटी चार से आठ नवंबर तक रहेगी। आदेश के अनुसार, सात जिलों से कुल 150 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें 10 निरीक्षक, 25 उपनिरीक्षक, पांच महिला उपनिरीक्षक, 100 मुख्य आरक्षी और आरक्षी तथा 10 महिला मुख्य आरक्षी और आरक्षी शामिल हैं।

अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की संभावना है। उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत अन्य अतिविशिष्ट लोगों के आगमन को देखते हुए सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। गोरखपुर जोन के सात जिलों से पुलिस बल मांगा गया है। वहीं, बस्ती मंडल के स्वास्थ्य विभाग को एएलएस एंबुलेंस और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

एडीजी गोरखपुर जोन कार्यालय से 28 अक्तूबर को जारी आदेश के मुताबिक, अयोध्या में पांच से आठ नवंबर तक दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। कानून-व्यवस्था की ड्यूटी के लिए बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती से पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि आवंटित बल चार नवंबर तक अयोध्या पहुंचकर एसएसपी को अपनी आमद दर्ज कराए। ड्यूटी चार से आठ नवंबर तक रहेगी।

सात जिलों से भेजे जाएंगे 150 पुलिसकर्मी

आदेश के अनुसार, सात जिलों से कुल 150 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें 10 निरीक्षक, 25 उपनिरीक्षक, पांच महिला उपनिरीक्षक, 100 मुख्य आरक्षी और आरक्षी तथा 10 महिला मुख्य आरक्षी और आरक्षी शामिल हैं। बस्ती से 19, संतकबीरनगर से 16, सिद्धार्थनगर से 19, गोंडा से 28, बहराइच से 29, बलरामपुर से 21 और श्रावस्ती से 16 पुलिसकर्मी भेजे जाएंगे। संबंधित जिलों को पुलिसकर्मियों की नामवार सूची, तैनाती स्थल और मोबाइल नंबर सहित अयोध्या के एसएसपी को ई-मेल से भेजने के निर्देश दिए गए हैं। आवंटित बल में किसी तरह की कटौती नहीं करने और सभी पुलिसकर्मियों को फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ रखने की हिदायत भी दी गई है।

बस्ती से एंबुलेंस और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम तैनात होगी

उधर, 31 अक्तूबर को जारी स्वास्थ्य विभाग के पत्र में सात नवंबर को प्रस्तावित वीवीआईपी आगमन के मद्देनजर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

'भारत-भूटान की दोस्ती का प्रतीक रहेगा बौद्ध स्तूप': थिम्फू के सम्मान पर बोले पीएम मोदी, जनता का जताया आभार

भूटान ने 108 बौद्ध स्तूपों के निर्माण के दौरान 76वां स्तूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित किया, जिसे उन्होंने भारत-भूटान की दोस्ती और साझा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भूटान के राजा और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने 76वें स्तूप को प्रधानमंत्री मोदी के नाम समर्पित करने वाली पट्टिका का अनावरण किया।



दुनिया । भूटान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खास सम्मान देते हुए 76वां बौद्ध स्तूप उन्हें समर्पित किया है। जांगचुब चोर्टेन नाम का यह स्तूप भारत और भूटान के बीच गहरे रिश्तों, साझा संस्कृति और आध्यात्मिक जुड़ाव का प्रतीक माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मान के लिए भूटान के राजा और वहां की जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वह इस सम्मान को भारत की जनता की ओर से स्वीकार करते हैं। पीएम मोदी ने इस खास पहल को दोनों देशों की दोस्ती की एक स्थायी निशानी बताया।

पीएम मोदी ने जताया आभार

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिए भूटान के राजा और वहां के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि भूटान की ओर से मिला यह सम्मान उनके लिए बेहद भावुक करने वाला है। उन्होंने भरोसा जताया कि जांगचुब चोर्टेन आने वाले समय में भी भारत और भूटान के साझा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ दोनों देशों के मजबूत संबंधों की याद दिलाता रहेगा।

छह घंटे में बने 108 बौद्ध स्तूप

विदेश मंत्रालय (MEA) के मुताबिक, भूटान ने 1 नवंबर 2026 को एक खास उपलब्धि हासिल की। गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में महज छह घंटे के भीतर 108 बौद्ध स्तूपों का निर्माण किया गया। इस आयोजन को भूटान के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इन स्तूपों को जांगचुब चोर्टेन भी कहा जाता है। इस दौरान 76वें स्तूप को प्रधानमंत्री मोदी को समर्पित करने की घोषणा की गई।

विज्ञापन

भूटान के राजा और किरेन रिजिजू ने किया अनावरण

विदेश मंत्रालय ने बताया कि भूटान के राजा और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने 76वें स्तूप को प्रधानमंत्री मोदी के नाम समर्पित करने वाली पट्टिका का अनावरण किया। इस मौके को भारत और भूटान के बीच गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों के सम्मान के रूप में देखा गया। यह पहल दोनों देशों की पुरानी दोस्ती को और मजबूती देने का संदेश भी देती है।

भारत-भूटान के रिश्तों को मिला नया प्रतीक

प्रधानमंत्री मोदी को समर्पित यह स्तूप दोनों देशों के बीच भरोसे, मित्रता और साझा विरासत को दशार्ता है। भारत और भूटान के संबंध लंबे समय से सांस्कृतिक, धार्मिक और कूटनीतिक सहयोग पर आधारित रहे हैं। ऐसे आयोजन दोनों देशों के बीच

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिए भूटान के राजा और वहां के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि भूटान की ओर से मिला यह सम्मान उनके लिए बेहद भावुक करने वाला है। उन्होंने भरोसा जताया कि जांगचुब चोर्टेन आने वाले समय में भी भारत और भूटान के साझा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ दोनों देशों के मजबूत संबंधों की याद दिलाता रहेगा।

ल्हाबाब दुचेन के मौके पर हुआ धार्मिक आयोजन

सोमवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में आयोजित पवित्र समारोह में शामिल हुए। यह कार्यक्रम बौद्ध धर्म के महत्वपूर्ण पर्व ल्हाबाब दुचेन के अवसर पर आयोजित किया गया था। समारोह में भूटान के राजा, रानी ग्याल्त्सुएन, प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान पारंपरिक धार्मिक वाद्य यंत्र डुंगचेन बजाकर स्तूपों की स्थापना और अभिषेक की रस्म पूरी की गई।

40 हजार से ज्यादा लोगों ने लिया हिस्सा

किरेन रिजिजू के मुताबिक, 108 स्तूपों के निर्माण में 40 हजार से अधिक स्वयंसेवकों, बौद्ध भिक्षुओं और कारीगरों ने हिस्सा लिया। इन लोगों ने आधी रात के बाद ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया था और महज छह घंटे में इसे पूरा कर लिया। रिजिजू ने भूटान के राजा से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की शुभकामनाएं भी पहुंचाईं। उन्होंने कहा कि भारत, भूटान के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सार संक्षेप

पीएम मोदी ने पुणे मेट्रो की पिंक लाइन का किया उद्घाटन



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पुणे के मेट्रो पिंक लाइन का उद्घाटन किया। इस वहां मौजूद लोगों को वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि त्योहारों की खुशियां तब और बढ़ जाती हैं, जब जीवन में कोई नई सुविधा जुड़ती है। पीएम मोदी ने कहा, '10 वर्ष पहले मुझे पुणे में पहले चरण के काम के शिलान्यास का अवसर मिला था।

प. एशिया संघर्ष पर भारत ने फिर की शांति की अपील



नई दिल्ली। नई दिल्ली में मंगलवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में एमईए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उज्बेकिस्तान में भारतीय छात्रों की शिक्षा और पश्चिम एशिया के हालात समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर बात की। जायसवाल ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति को लेकर हम लगातार नजर बनाए हुए हैं और क्षेत्र में हो रहे घटनाक्रमों पर करीब से ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अब भी सभी पक्षों से बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर चलने की अपील करते हैं, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता वापस आ सके।

सभी मूल्य के पर्याप्त नोट उपलब्ध : आरबीआई



मुंबई। त्योहारी सीजन के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने स्पष्ट किया है कि सभी मूल्य के नोट बाजार में पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। केंद्रीय बैंक ने सोशल मीडिया पर आरबीआई गवर्नर के नाम से प्रचारित एक फर्जी सर्कुलर के सामने आने के बाद यह स्पष्टीकरण दिया है।

प्रदर्शन किसी एक का नहीं, सबका अधिकार : सुको

किसी सार्वजनिक जगह पर अनिश्चितकाल तक धरना नहीं दे सकते

नई दिल्ली, । सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि कोई भी संगठन प्रदर्शन के लिए किसी सार्वजनिक जगह पर अनिश्चितकाल तक कब्जा नहीं कर सकता। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थलों पर भी एक तय समय-सीमा होनी चाहिए, ताकि दूसरे संगठनों को भी अपनी बात रखने का मौका मिल सके। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा आप हमेशा के लिए किसी जगह पर कब्जा नहीं कर सकते। वहां किसान, पत्रकार, मजदूर और दूसरे प्रदर्शनकारी कहां जाएंगे? सभी को प्रदर्शन करने का अधिकार है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच दिल्ली में अक्टूबर में हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शनों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

प्रदर्शनों से जुड़ी कई याचिकाओं पर हुई सुनवाई



हर तरह के पटाखे बिकने पर चिंता जताई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में हर तरह के पटाखों की बिक्री को लेकर चिंता जाहिर की है। कोर्ट ने कहा है कि उसके आदेश के मुताबिक दीपावली के मौके पर सिर्फ दो दिन ग्रीन पटाखों की इजाजत है लेकिन बाजार में सभी तरह के पटाखे बिक रहे हैं। जस्टिस एमएम सुंदरेश ने मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए एसजी ऐश्वर्या भाटी से कहा कि सरकार इस पर ध्यान दे।

किस कानून के तहत निगरानी कर रही सरकार : प्रशांत भूषण

पुलिस कार्रवाई का मुद्दा भी उठाया गया

वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि प्रदर्शनकारियों पर किस तरह की निगरानी की जा रही है और इसके लिए कौन-सा कानूनी प्रावधान है। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान केवल सीसीटीवी से निगरानी की गई। उन्होंने कहा कि सैकड़ों सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी प्रदर्शन की लाइव रिकॉर्डिंग कर रहे थे, लेकिन सरकारी सीसीटीवी पर सवाल उठाए जा रहे हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी ने हिरासत और पुलिस कार्रवाई का मुद्दा उठाया।

एसीपी मनस्वी वशिष्ठ मामले में पीएमओ की एंट्री

■ निलंबन के बाद अब बर्खास्तगी की तलवार ■ पुलिस आयुक्त से पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तलब

नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस मुख्यालय पर हुए अभूतपूर्व प्रदर्शन के मामले में सबसे बड़ी कार्रवाई हो गई है। प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले सहायक पुलिस आयुक्त मनस्वी वशिष्ठ को गृह मंत्रालय ने सोमवार देर रात तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय से भेजी गई प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर की गई है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, इस पूरे घटनाक्रम पर अब प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने भी संज्ञान लिया है। पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।



पुलिस आचरण नियमावली का गंभीर उल्लंघन

दिल्ली पुलिस देश की सबसे अनुशासित फोर्स मानी जाती है। सूत्रों का कहना है कि एक एसीपी रैंक के अधिकारी द्वारा सैकड़ों अधीनस्थ कर्मियों को लेकर अपने ही मुख्यालय का घेराव करना पुलिस आचरण नियमावली का गंभीर उल्लंघन है। पीएमओ और गृह मंत्रालय का मानना है कि यदि इस मामले में कड़ा संदेश नहीं दिया गया तो भविष्य के लिए गलत परंपरा स्थापित हो जाएगी। इसी को देखते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत उन्हें सेवा से बर्खास्त करने तक के विकल्प पर विचार किया जा रहा है। हालांकि अंतिम फैसला पुलिस आयुक्त की रिपोर्ट और शाहदरा विवाद की जांच कर रही कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद ही लिया जाएगा। सूत्र यह भी मानते हैं कि शाहदरा मामले को जिला स्तर पर ही बेहतर तरीके से हैंडल किया गया होता तो मुख्यालय तक यह स्थिति नहीं आती।

श्रीनगर से सांसद रुहुल्लाह मेहदी ने नेकां छोड़ी

जम्मू, । जम्मू कश्मीर की सत्तारूढ़ नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। श्रीनगर लोकसभा सीट से सांसद आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी ने पार्टी से नाता तोड़ने और लोकसभा की सदस्यता छोड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने बडगाम में अपने पिता आगा सैयद मेहदी की पुण्यतिथि पर आयोजित एक बड़ी जनसभा में यह फैसला सार्वजनिक किया।

रुहुल्लाह के इस कदम के बाद जम्मू कश्मीर की राजनीति में नए सियासी समीकरण बनने की चर्चा भी तेज हो गई है। आगा रुहुल्लाह मेहदी लंबे समय से नेशनल कांफ्रेंस के नेतृत्व से असहमत चल रहे थे। उनका आरोप रहा है कि पार्टी ने चुनाव के दौरान जनता से किए गए अहम वादों को सत्ता में आने के बाद प्राथमिकता नहीं दी। खास तौर पर अनुच्छेद 370 की बहाली, जम्मू कश्मीर के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा, आरक्षण व्यवस्था में सुधार और राजनीतिक बंदियों की रिहाई जैसे मुद्दों पर उन्होंने पार्टी नेतृत्व को घेरा है।



- जनसभा में सांसद पद से भी इस्तीफे का ऐलान किया
- लंबे समय से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से असहमत चल रहे थे

नए राजनीतिक मोर्चे की संभावनाओं पर चर्चा

मेहदी के फैसले के बाद जम्मू कश्मीर की राजनीति में एक नए राजनीतिक मोर्चे की संभावनाओं पर चर्चा शुरू हो गई है। बडगाम में होने वाली उनकी रैली को इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि इसमें उनके समर्थकों की मौजूदगी और आगे की रणनीति पर नजर रहेगी। धार्मिक विद्वानों और कुछ राजनीतिक लोगों ने भी उनके रुख का समर्थन किया है। उनके इस्तीफे से श्रीनगर लोकसभा सीट को लेकर भी राजनीतिक गतिविधियां बढ़ सकती हैं।

दीया मिर्जा का दिवाली वीडियो हटाने पर हाई कोर्ट सख्त

राजनीतिक टिप्पणियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश

मुंबई, । बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा के दिवाली वीडियो को लेकर शुरू हुआ विवाद अब बॉम्बे हाई कोर्ट पहुंच गया है। वीडियो हटाए जाने पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सार्वजनिक हित के अभियान में शामिल होकर पर्यावरण और प्रदूषण के प्रति जागरूकता फैलाने वाली हस्तियों को निशाना बनाना उचित नहीं है। जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस नीला गोखले की बेंच ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका से हटाए गए वीडियो को दोबारा सोशल मीडिया पर डालने को कहा।



- वीडियों को दोबारा पोस्ट करने को कहा

सुनवाई के दौरान अदालत ने कुछ राजनीतिक नेताओं की टिप्पणियों पर भी नाराजगी जताई। बेंच ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और पर्यावरण का मुद्दा किसी दूसरे विवाद का हिस्सा नहीं बनाया जाना चाहिए। अदालत के मुताबिक, मुंबई में सभी लोग एक साथ रहते हैं और समाज में आपसी एकजुटता बनी रहनी चाहिए।

नेपाल में दो हेलीकॉप्टरों की भिड़ंत, भारतीय की मौत

काठमांडू, । नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में मंगलवार सुबह लैंडिंग के प्रयास के दौरान दो हेलीकॉप्टरों के बीच हुई भीषण टक्कर में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जबकि भारतीय मूल के एक न्यूजीलैण्ड नागरिक सहित हेलीकॉप्टर के पायलट घायल हो गए। काठमांडू पोस्ट के अनुसार नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कहा है कि इस हादसे में मारे गए भारतीय नागरिक की पहचान वसंत कुमार बालारामुडु (47 वर्ष, निवासी चेन्नई) के रूप में हुई है। वह फिशटेल एयर के हेलीकॉप्टर में सवार थे। हादसे में घायल न्यूजीलैंड के नागरिक शैलेश कृष्णा पटेल और पायलटों को तत्काल बचाया गया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में हुई टक्कर

सीएम योगी का निर्देश

उल्लास-उमंग के पर्वों में न हो कोई अप्रिय घटना, सौहार्द और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

लखनऊ -आगामी पर्व-त्योहार उल्लास, उमंग, आस्था और सामाजिक सौहार्द के प्रतीक हैं। इन अवसरों पर प्रदेश में सुरक्षा, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी अप्रिय घटना पर्वों के उल्लास में खलल न डाल सके। मंगलवार शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून-व्यवस्था और आगामी त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि उत्सव के उल्लास को उपद्रव में बदलने की किसी भी साजिश को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अराजक व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत कठोरतम कार्रवाई की जाए। दीपोत्सव, दीपावली, छठ और देव दीपावली के दृष्टिगत शासन से लेकर तहसील और थाना स्तर तक के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। साथ ही, सोशल मीडिया पर 24 घंटे पैनी नजर रखते हुए अफवाह फैलाने, भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने अथवा शरारतपूर्ण बयानबाजी से माहौल बिगाड़ने वालों पर त्वरित व प्रभावी विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

>> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अफसरों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उत्सव के उल्लास को उपद्रव में बदलने की साजिश कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अराजक तत्वों पर जीरो टॉलरेंस की नीति से कार्रवाई होगी।

में 07 नवंबर को आयोजित होने वाले भव्य दीपोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा।

अपराध नियंत्रण करना पहली प्राथमिकता: इतुल चौधरी

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो



सीतापुर । थाना मछरेहटा में नवागत प्रभारी निरीक्षक इतुल चौधरी ने कार्यभार ग्रहण कर जनता को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया। कहा कि अपराध करने वाले लोगों की अब खैर नहीं अपराध में संलिप्त लोगों पर नजर रखी जाएगी । मछरेहटा प्रभारी निरीक्षक इतुल चौधरी सबसे पहले महिला थाना प्रभारी सीतापुर व कमलापुर थाने में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे चुके हैं। इतुल चौधरी ने बताया मिशन शक्ति को लेकर महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध व हिंसक घटनाओं के प्रति कठोर कार्रवाई की जाएगी विद्यालय में अध्ययन करने वाली छात्राओं के सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जायेगा किसी पीड़ित के साथ नाइंसाफी नहीं होने दी जायेगी। अवैध हरे पेड़ो की कटान करने वाले पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी इसके अलावा कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही की जाएगी ।

15 नवंबर तक जमा करें छात्रवृत्ति फॉर्म, आधार सत्यापन न कराने पर छूट सकता है लाभ

अवध विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू कार्यालय ने अब तक 3,480 आवेदन किए अग्रसारित, विद्यार्थियों से जल्द प्रक्रिया पूरी करने की अपील

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना सत्र 2026-27 के तहत आवेदन प्रक्रिया चल रही है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रवृत्ति फॉर्म जमा नहीं करने और आधार सत्यापन से वंचित विद्यार्थियों को जल्द प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) कार्यालय के अनुसार, आवासीय परिसर में अब तक कुल 5,555 ऑनलाइन आवेदन भरे जा चुके हैं। इनमें से 4,096 आवेदन कार्यालय को प्राप्त हुए हैं, जबकि 3,480 आवेदनों को अग्रसारित किया जा चुका है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन विद्यार्थियों ने अभी तक अपने आवेदन संबंधित विभागों में जमा नहीं किए हैं या डीएसडब्ल्यू कार्यालय में पहुंचकर आधार सत्यापन नहीं कराया है, वे तत्काल यह प्रक्रिया पूरी कर लें। इसके लिए विद्यार्थियों को अपने संबंधित विभाग के माध्यम से आवेदन पत्र डीएसडब्ल्यू कार्यालय पहुंचाना होगा।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने विभागों को निर्देशित किया है कि ऐसे विद्यार्थियों को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास है कि कोई भी पात्र विद्यार्थी जानकारी अथवा प्रक्रिया में देरी के कारण छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता गुट) ने विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ

लखीमपुर खीरी। भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता गुट) लखीमपुर-खीरी द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी, तहसील मोहम्मदी (जिला खीरी) को एक ज्ञापन सौंपा गया है। इस ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने क्षेत्र के किसानों की समस्याओं से अवगत कराते हुए चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इनका समाधान नहीं किया गया, तो भाकियू द्वारा आन्दोलनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ?ज्ञापन में उठाई गई प्रमुख मांगें और समस्याएं:?चकमार्गों से अतिक्रमण हटानाः तहसील क्षेत्र के चकमार्गों से अतिक्रमण हटवाकर उनकी पैमाइश कराई जाए, जिससे किसानों को खेतों तक आने-जाने में सुविधा मिल सके। ?खुदी पड़ी सड़कों की मरम्मतः ग्राम सभा सड़वा (विकास खंड पसगवां) के सभी गांवों की सड़कों पर पाइप डालने के बाद खुदी पड़ी सड़कों को अतिशीघ्र सही कराया जाए। जल निकास की व्यवस्थाः ग्राम सभा बीरमपुरा (विकास खंड पसगवां) में सैकड़ों एकड़ जमीन जलमग्न होने से किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती हैं, जिसके लिए उचित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। राशन कार्ड बनवानाः पात्र किसानों के राशन कार्ड अतिशीघ्र बनवाए जाएं, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ गरीब किसानों तक पहुंच सके। पात्रों को आवासः शासन की मंशा के अनुरूप जांच के उपरांत गरीब किसानों के आवास बनवाए जाएं, ताकि किसी को भी झुग्गी-झोपड़ी में रहने को मजबूर न होना पड़े। ?सार्वजनिक शौचालय की बहालीः मोहम्मदी बाजार क्षेत्र में बने सार्वजनिक शौचालय में ताला लगा होने के कारण लोगों को हो रही असुविधा को दूर किया जाए। इस ज्ञापन पर जिला अध्यक्ष महादेव प्रसाद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण वर्मा, जिला महामंत्री सर्वेश कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसानों के हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक सूर्योदय भास्कर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक,विवेक कुमार द्वारा ओम प्रिंटर्स 356/318/366, आलमनगर मानस बिहार राजाजीपुरम लखनऊ (उ.प्र.) 226017 से मुद्रित एवं 6 सी 116 वृन्दावन योजना, तेलीबाग,लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

संपादक-बबीता यादव
प्रधान सम्पादक :- प्रशांत अवस्थी
उप संपादक :- अमित त्रिवेदी
समूह सम्पादक :- डी.पी. सिंह
स्थानीय संपादक :- जी.एस. तिवारी
संस्थापक :- विवेक कुमार

RNI NO. UPHIN/2023/84452

E-MAIL:– SURYODAY BHASKAR@GMAIL.COM

कार्यालय सम्पर्क-9415461452,7007784396

(पी.आर. बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी)
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होगा।

गौ उत्पादों से स्वरोजगार को बढ़ावा दे रहा कामधेनु फाउंडेशन

55 महिलाओं, किसानों और युवाओं को दिया गया प्रशिक्षण,गाय के गोबर से तैयार हो रहीं धार्मिक मूर्तियों अन्य उत्पाद

दीपावली पर गाय के गोबर से बनाए जा रहे दीपक, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां और श्रीयंत्र



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर। विकासखंड गोंदलामऊ के तेरवा गाँव निवासी मदन पाल अर्कवंशी ने आधुनिक युग में प्रदूषण व दूषित वातावरण से लोगों को बचाव के लिए प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने का संदेश दिया । कामधेनु फाउंडेशन के द्वारा देशी गाय के गोबर से निर्मित गो उत्पाद तैयार करा रहे है जिससे गाँव के लोगो रोजगार भी दे रहे है। स्वदेशी गोविज्ञान अनुसंधान व प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से कामधेनु फाउंडेशन गौ संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय पहल की जा रही है।संस्था द्वारा स्वदेशी गाय के गोबर और गोमूत्र से विभिन्न प्रकार के उपयोगी, सजावटी एवं पूजन सामग्री के उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इसके साथ ही महिलाओं, किसानों और बेरोजगार युवाओं को इन उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। संस्था के अनुसार, अब तक 55 लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

प्रशिक्षण केन्द्र पर गाय के गोबर से जैविक खाद, दीपक, विभिन्न प्रकार की मूर्तियां, श्रीयंत्र, मोबाइल स्टैंड, शुभ-लाभ, ॐ, श्री, स्वस्तिक, धूपबत्ती और धूपबत्ती स्टैंड सहित अनेक उपयोगी वस्तुएं बनाई जा रही हैं। इसके अलावा गोबर से साबुन, एंटी-रेडिएशन चिप सहित अन्य उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। वहीं, गोमूत्र से जैविक कीटनाशक तैयार किया जा रहा है, जिसका उपयोग प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जाता है।

दीपावली के लिए तैयार हो रहे विशेष उत्पाद

दीपावली के त्योहार को देखते हुए केन्द्र पर इन दिनों विशेष रूप से गाय के गोबर से दीपक, मां लक्ष्मी एवं भगवान गणेश की मूर्तियां, श्रीयंत्र, लक्ष्मी चरण, धूपबत्ती, धूपबत्ती स्टैंड, शुभ-लाभ, ॐ, श्री, स्वस्तिक, मोबाइल स्टैंड और एंटी-रेडिएशन चिप सहित विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। संस्था का उद्देश्य पारंपरिक त्योहारों में स्वदेशी एवं पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को प्रोत्साहित करने के साथ ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

साधु का भेष धारण कर कपड़ा व्यापारी से की 11,500 रुपये की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

नगीना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर पंजाब के दो आरोपियों को दबोचा, ठगी की पूरी रकम बरामद



सूर्योदय भाष्कर ब्यूरो चीफ

बिजनौर। थाना नगीना पुलिस ने साधु का भेष धारण कर कपड़ा व्यापारी से छलपूर्वक 11,500 रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से ठगी की पूरी धनराशि भी बरामद कर ली है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से घटना का खुलासा हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2 नवंबर 2026 को नगीना कस्बे के मोहल्ला मानक चंद निवासी राजेश टंडन पुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश टंडन ने थाना नगीना में तहरीर देकर बताया कि दो अज्ञात व्यक्ति साधु का रूप धारण कर उनकी कपड़े की दुकान पर पहुंचे थे। दोनों ने अपनी बातों में उलझाकर छलपूर्वक उनसे 11,500 रुपये ले लिए और मौके से फरार हो गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना नगीना पुलिस ने तत्काल मुकदमा अपराध संख्या 350/2026, धारा 318(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए घटना में प्रकाश में आए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जशन नाथ पुत्र कुलदीप नाथ निवासी मोहल्ला जोगिमान्दा, थाना धर्मकोट, जनपद मोगा (पंजाब) तथा सेवानाथ पुत्र सुरेशनाथ निवासी ग्राम लोहागढ़ बस्ती, थाना धर्मकोट, जनपद मोगा (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से ठगी गई 11,500 रुपये की पूरी धनराशि बरामद की है। मामले में पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका

आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जोगेंद्र बैसला, हेड कांस्टेबल सन्नीराज तोमर, कांस्टेबल विजय, लोकेश एवं अमित शामिल रहे।

रक्त सेवा के लिए दिल्ली में सम्मानित हुए अयोध्या के ब्लड मैन डॉ. आशीष पांडेय दीपू

>> भारत लीडरशिप समिट-2026 में अभिनेता सोनू सूद ने किया सम्मानित, 52 से अधिक बार कर चुके हैं रक्तदान



अयोध्या। रक्तदान के क्षेत्र में निस्वार्थ सेवा और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत अयोध्या के समाजसेवी एवं संकल्प संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आशीष पांडेय दीपू को राजधानी दिल्ली में सम्मानित किया गया। प्रतिष्ठित भारत लीडरशिप समिट-2026 (BHARAT LEADERSHIP SUMMIT 2026) में उन्हें अभिनेता सोनू सूद के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि से अयोध्या का गौरव राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है।

डॉ. आशीष पांडेय दीपू लंबे समय से रक्तदान और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। कोरोना काल के कठिन दौर में जब लोग घरों से निकलने में भी कतरा रहे थे, तब उन्होंने अपनी टीम के साथ जरूरतमंद मरीजों तक रक्त पहुंचाने का बीड़ा उठाया। अपने निजी संसाधनों से रक्तदान शिविर आयोजित कर एनीमिया, डायलिसिस, कैंसर, थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों और गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उनके इन्हीं प्रयासों से कोरोना काल में रक्त के अभाव से जूझ रहे हजारों परिवारों को राहत मिली। उनके सामाजिक योगदान को देखते हुए देश की प्रतिष्ठित हिंदी पत्रिका ह्यइंडिया टुडेह्न ने उन्हें देश के 11 कोविड योद्धाओं में भी स्थान दिया था।

डॉ. आशीष पांडेय अब तक 52 से अधिक बार स्वयं रक्तदान कर चुके हैं। बीते 15 वर्षों से वह अयोध्या मंडल सहित आसपास के जनपदों में रक्तदान शिविरों का आयोजन कर युवाओं को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित कर रहे हैं। संकल्प संस्थान भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

अभिनेता सोनू सूद के हाथों राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित होना उनकी वर्षों की सामाजिक सेवा को मिली पहचान के रूप में देखा जा रहा है। इस उपलब्धि से संकल्प संस्थान के कार्यकर्ताओं और अयोध्यावासियों में खुशी का माहौल है।

डॉ. आशीष पांडेय ह्यदीपूह्न को मिली इस उपलब्धि पर टाटाशाह वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद कमर, अवनीश मिश्रा, समाजसेविका भारती सिंह, कथावाचक आचार्य हनुमान प्रसाद पांडेय, मोहम्मद मोईनुद्दीन, वकार अहमद, कुमुद श्रीवास्तव, आसिफ चांद, मोहम्मद असलम, अभिषेक सिंह बंटी, असलम पठान, प्रभु एकेडमी के प्रबंधक डॉ. मनीष राय, डॉ. राजकपूर, जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ. आशीष पाठक, समाजसेवी संजय महेंद्र, अशफाक उल्ला खां मेमोरियल संस्थान के निदेशक सूर्यकांत पांडेय और भूपेंद्र पांडेय सहित अनेक लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।

आखिर पेड़ो को काटने वाले पर वन विभाग कब करेगा कार्यवाही?

सूर्योदय भास्कर में प्रकाशित खबर के बाद हरकत में आया वन विभाग

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो



सीतापुर । मछरेहटा थानाक्षेत्र के पेरियाकोडर गांव के जंगल में बीती दिनों आम वो महुआ की काटी गई कीमती लकड़ी को मिश्रिख रेंज कार्यालय को सुपुर्द कर दी है बताते चले मछरेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम पेरियाकोडर में वन विभाग की भूमि पर लगे पेड़ों को गाँव के ही दिनेश राजवंशी पुत्र पतिराखन द्वारा काटे जाने का मामला सामने आया था आरोप है कि लगभग एक माह पूर्व वन विभाग की जमीन पर खड़े पेड़ों को काटकर उनकी लकड़ी ले जाने की तैयारी की जा रही थी। जिसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों ने मामले की शिकायत की शिकायत पर वन दरोगा अक्षय पांडेय ने लकड़ी को मौके पर ही रुकवा दिया था इसके बावजूद रात में कुछ लकड़ी आरोपी उठा ले गया ग्रामीणों का आरोप है कि आरोप के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है जिससे वन विभाग की कार्यवाही पर सवालिया निशान लगा है?

जिला वन अधिकारी सीतापुर नवीन खंडेलवाल से इस मामले में जब बात की गई तो उन्होंने ने बताया कि मामले की जांच कर दोषी पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी।

बैनामा करने पहुंची महिला की चाय पीने के बाद मौत, दो की हालत गंभीर



सूर्योदय भाष्कर ब्यूरो चीफ

बिजनौर। जनपद बिजनौर के थाना नहटौर के मोहल्ला सराय रजब अली में मंगलवार को एक सनसनीखेज मामला सामने आया। मकान का बैनामा करने आई गाजियाबाद के लोनी देहात निवासी महिला की चाय पीने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जबकि उसके साथ आए भाई और भाई के ससुर की हालत गंभीर बनी हुई है। तीनों ने मकान पहुंचने के बाद एक साथ चाय पी थी। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार गाजियाबाद के लोनी देहात स्थित चांद मुस्तफाबाद निवासी जायदा का नहटौर के मोहल्ला सराय रजब अली में 60 गज का पुश्तैनी मकान है। मंगलवार सुब२बैनामा करने अपने भाई आबिद और भाई के ससुर अशरफ के साथ नहटौर पहुंची थीं। जायदा ने अपना मकान आसिफ हुसैन को बेचा था।

बताया गया कि मकान पहुंचने के बाद जायदा, आबिद और अशरफ ने चाय पी। चाय पीने के कुछ ही देर बाद तीनों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जायदा को मृत घोषित कर दिया। वहीं आबिद और अशरफ की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

डॉक्टरों के अनुसार जहरीले पदार्थ के सेवन से उनकी तबीयत बिगड़ी है। हालांकि जहरीले पदार्थ के सेवन की परिस्थितियों का अभी खुलासा नहीं हुआ है।

थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही महिला की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

नजीबाबाद पुलिस ने हत्या की वारदात का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

» नेपाल निवासी व्यक्ति की हत्या कर लूटे थे 1.55 लाख रुपये, आरोपियों की निशानदेही पर 75 हजार रुपये सहित 78,520 रुपये की नकदी बरामद

» मनाली भागकर छिपे थे आरोपी, शराब पीने के दौरान बनाई थी लूट और हत्या की साजिश

सूर्योदय भाष्कर ब्यूरो चीफ

बिजनौर। थाना नजीबाबाद पुलिस ने काशीपुर-हरिद्वार हाईवे पर ग्राम सरवनपुर के पास हुई हत्या की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक के बैग से 75 हजार रुपये सहित कुल 78,520 रुपये की नकदी, तीन मोबाइल फोन, दो आधार कार्ड और मृतक का सामान बरामद किया है। आरोपियों ने रुपयों के लालच में हत्या की साजिश रचकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस की इस कार्रवाई को हत्या के खुलासे की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

पुलिस के अनुसार 25 अक्टूबर 2026 की सुबह करीब 3:30 बजे थाना नजीबाबाद पुलिस को सूचना मिली थी कि काशीपुर-हरिद्वार हाईवे पर ग्राम सरवनपुर के पास करीब 30 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल बिजनौर भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में मृतक की पहचान नेपाल निवासी अशंक बहादुर शाही (45 वर्ष) के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गंभीर चोट लगने से अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मृत्यु होने की पुष्टि हुई।

28 अक्टूबर को मृतक के पुत्र अमित शाही ने नजीबाबाद थाने पहुंचकर अपने पिता के शव की पहचान की और पुलिस को बताया कि उनके पिता 24 अक्टूबर को नजीबाबाद आए थे। उनके पास करीब 1 लाख 55 हजार रुपये और अन्य सामान मौजूद था, जो घटना के बाद गायब मिला। पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मु0अ0सं0 539/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

तीन आरोपियों ने मिलकर रची थी साजिश

विवेचना के दौरान पुलिस के सामने तीन आरोपियों शेरबहादुर निवासी नैनीताल (उत्तराखंड), कमल सिंह निवासी कैलाली (नेपाल) और करण बहादुर शाही निवासी बांके (नेपाल), हाल निवासी शिमला (हिमाचल प्रदेश) के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 3 नवंबर 2026 को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

शराब पीने के दौरान मिली रुपयों की जानकारी

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे तीनों वर्तमान में कोटद्वार में रह रहे थे। वहीं उनकी मुलाकात अशंक बहादुर शाही से हुई थी। जान-पहचान बढ़ने के बाद सभी ने कोटद्वार और नजीबाबाद में साथ बैठकर शराब का सेवन किया। इसी दौरान आरोपियों को मृतक के पास बड़ी धनराशि होने की जानकारी मिली। इसके बाद तीनों ने रुपये लूटने के इरादे से हत्या की योजना बनाई।

आरोपियों के मुताबिक, योजना के तहत उन्होंने मृतक को किसी अज्ञात वाहन के सामने धक्का दे दिया। वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी उसे मृत समझकर उसके रुपयों और सामान से भरा बैग लेकर फरार हो गए। पुलिस से बचने के लिए वे मनाली, हिमाचल प्रदेश चले गए।

रुपये आपस में बांटे, कुछ मनाली में किए खर्च

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक के पास मौजूद 1 लाख 55 हजार रुपये में से 50 हजार रुपये आपस में बांटकर अपने-अपने घर भेज दिए, जबकि 30 हजार रुपये मनाली में खर्च कर दिए। शेष 75 हजार रुपये मृतक के बैग में रखे थे, जिन्हें पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर बरामद कर लिया।

नकदी के साथ मृतक का बैग और सामान बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन, 3,520 रुपये नकद और दो आधार कार्ड बरामद किए। इसके अलावा मृतक का काले रंग का बैग भी बरामद हुआ, जिसमें एक जोड़ी काले बूट, हाफ निकर, काली टोपी, नेपाली टोपी, काली पैंट, मास्क, काली जैकेट और 75 हजार रुपये नकद मिले। इस प्रकार पुलिस ने कुल 78,520 रुपये की नकदी बरामद की है।

इन तीन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

शेरबहादुर पुत्र दिलबहादुर, निवासी नवारखेड़ा, थाना काठगोदाम, जनपद नैनीताल (उत्तराखंड)।

कमल सिंह पुत्र जैलाल, निवासी ग्राम चौमाला, जनपद कैलाली (नेपाल)।

करण बहादुर शाही पुत्र मोती शाही, निवासी ग्राम कौशल्या नगर, थाना कोहलपुर, जनपद बांके (नेपाल), हाल निवासी शॉप नंबर 31, अनाज मंडी, गंज बाजार, शिमला (हिमाचल प्रदेश)।

प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में टीम ने किया खुलासा

हत्या की वारदात का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, अपराध निरीक्षक योगेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक नकुल शर्मा, सर्विलांस सेल के कांस्टेबल जोगिन्द्र, हेड कांस्टेबल सौरभ कुमार, हेड कांस्टेबल भारत मलिक, कांस्टेबल हर्ष खाटियान, कांस्टेबल कुलदीप बड़गौती और कांस्टेबल शुभम मलिक शामिल रहे।

निखिल ज्वेलर्स का भव्य शुभारंभ, गोल्ड, सिल्वर और डायमंड की आकर्षक रेंज उपलब्ध

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो



लखनऊ। मुलायम नगर सब्जी मंडी रोड स्थित डीके मैरिज लॉन के पास निखिल ज्वेलर्स के नए प्रतिष्ठान का भव्य उद्घाटन किया गया। प्रतिष्ठान के संचालक एवं ऑनर श्री निखिल सोनी ने बताया कि उनके यहां ग्राहकों के लिए शुद्ध सोने, चांदी और डायमंड के आभूषणों की आकर्षक रेंज उपलब्ध है। ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए ज्वेलरी के विभिन्न डिजाइनों और कलेक्शन को प्रतिष्ठान में शामिल किया गया है। दीपावली के त्योहार को देखते हुए निखिल ज्वेलर्स की ओर से विशेष ऑफर भी पेश किया गया है। इसके तहत न्यूनतम 10,000 रुपये की ज्वेलरी खरीदारी पर ग्राहकों को स्क्रैच कार्ड दिया जाएगा, जिसके माध्यम से कैशबैक का लाभ प्राप्त करने का अवसर मिलेगा. निखिल सोनी ने बताया कि प्रतिष्ठान में पुरानी सोने की ज्वेलरी बदलवाने की सुविधा भी उपलब्ध है। ग्राहकों को गोल्ड की शुद्धता के अनुसार मूल्यांकन करते हुए शून्य प्रतिशत डिडक्शन के साथ गोल्ड एक्सचेंज की सुविधा दी जाती है। उनका उद्देश्य ग्राहकों को पारदर्शी तरीके से बेहतर सेवा और उनकी पसंद के आभूषण उपलब्ध कराना है. उन्होंने बताया कि निखिल ज्वेलर्स का यह तीसरा प्रतिष्ठान है। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं आभूषण प्रेमियों से एक बार प्रतिष्ठान पर पहुंचकर गोल्ड, सिल्वर और डायमंड के आकर्षक कलेक्शन को देखने तथा खरीदारी करने की अपील की।

एंटी करप्शन टीम ने कानूनगो को रिश्वत के दस हजार रुपए के साथ पकड़ा



सूर्योदय भास्कर संवाददाता

शुकुल बाजार,। अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्व निरीक्षक संतराम को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोप है कि बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के एक किसान से हदबरारी की कार्रवाई पूरी होने के बाद पत्थर नसब कराने के नाम पर रिश्वत की मांग की गई थी।

किसान की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया और मंगलवार को बाजार शुकुल कस्बे में राजस्व निरीक्षक को कथित तौर पर 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते दबोच लिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से कस्बे में खलबली मच गई। वहीं, राजस्व विभाग में भी हड़कंप की स्थिति बन गई।र

मृदा स्वास्थ्य सुधारने को कृषि विवि व इफको के बीच समझौता, 100 किसानों के खेत बनेंगे प्रयोगशाला



अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं इफको (IFFCO) के बीच कृषि में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग को कम करने तथा समन्वित एवं वैकल्पिक उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। कुलपति डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह के प्रयास के बाद इस समझौते पर इफको, लखनऊ के उपमहाप्रबंधक (विपणन) डॉ. एस.के. सिंह एवं विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ. आर.बी. सिंह ने हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के तहत प्रथम चरण में विश्व विद्यालय के 10 चयनित कृषि विज्ञान केंद्रों तथा 100 किसानों के प्रक्षेत्रों पर नैनो उर्वरक, जैव उर्वरक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों सहित अन्य वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग का प्रत्यक्ष फसल सीजन में प्रदर्शन कराया जाएगा। साथ ही किसानों को इन उर्वरकों के महत्व, उपयोग की विधि एवं लाभों के संबंध में समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

इस पहल के अंतर्गत फसल तैयार होने पर संबंधित प्रक्षेत्रों पर प्रक्षेत्र दिवस (फील्ड डे) का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें किसानों को प्रदर्शन के परिणामों से रूबरू कराया जाएगा। इससे किसानों को रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ नैनो एवं अन्य वैकल्पिक उर्वरकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

कुलपति ने इस पहल को किसानों तक आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि तकनीकों को पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस समझौते से पूर्वांचल के किसानों को उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग की जानकारी मिलेगी, जिससे खेती की लागत कम करने, मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने तथा किसानों की आय में वृद्धि करने में मदद मिलेगी।

विश्वविद्यालय का प्रयास है कि वैज्ञानिक तकनीकों को खेतों तक पहुंचाकर खेती को अधिक टिकाऊ, लाभकारी एवं पर्यावरण अनुकूल बनाया जाए। इस अवसर पर कुलपति के ओ.एस.डी डॉ.जसवंत सिंह, कीट विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रुद्र प्रताप सिंह तथा निदेशक प्रशासन डॉ. सुशांत श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी डॉ भूपेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

गोसाईगंज अस्पताल को पूर्ण उल्ऊ का दर्जा देने के साथ ही 100 बेड का अस्पताल बनाए जाने की फिर उठी मांग

अखिल भारतीय नगरीय निकाय एसो0 की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती जायसवाल ने मुख्यमंत्री को दोबारा भेजा पत्र,मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की उठाई आवाज



गोसाईगंज/अयोध्या। गोसाईगंज क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गोसाईगंज अस्पताल को पूर्णकालिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) का दर्जा देने के साथ ही इसे 100 बेड का अस्पताल बनाए जाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। इस संबंध में अखिल भारतीय नगरीय निकाय एसो0 की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जय बाबा अमरनाथ बफानीं सेवा समिति (रजि0) की अध्यक्ष श्रीमती आरती जायसवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुनः पत्र भेजकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।श्रीमती जायसवाल ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इससे पूर्व भी बीते 25 अगस्त को उन्होंने इस गंभीर समस्या को लेकर पत्र भेजा था,लेकिन क्षेत्र वासियों की जरूरतों को देखते हुए एक बार फिर इस मुद्दे पर शासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। उन्होंने बताया कि गोसाईगंज अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की स्थिति काफी दयनीय है। इसके बावजूद प्रति दिन आसपास के लगभग 20 किमी0 के दायरे से करीब 500 मरीज उपचार के लिए यहां पहुंचते हैं।उन्होंने कहा कि कहने को तो गोसाईगंज अस्पताल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) कहा जाता है लेकिन यहां पूर्ण CHC के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। अस्पताल में बीपीसीएम (BPCM), एआरओ (ARO) एवं एचईओ (HEO) जैसे महत्वपूर्ण पदों की व्यवस्था नहीं है।महिलाओं एवं पुरुषों की नसबंदी की सुविधा के साथ ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। यहां तक कि अस्पताल के वित्तीय अधिकार भी समाप्त कर दिए गए हैं।सभासद आरती जायसवाल ने मुख्यमंत्री से मरीजों की बढ़ती संख्या एवं क्षेत्र की व्यापक जनसंख्या की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गोसाईगंज अस्पताल को जल्द से जल्द पूर्ण कालिक उल्ऊ का दर्जा प्रदान करने तथा इसे 100 बेड के आधुनिक अस्पताल के रूप में विकसित किए जाने की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है।उन्होंने उम्मीद जताई कि शासन स्तर से इस जनहित के महत्वपूर्ण विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा जिससे गोसाईगंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

बिल्हौर बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता सुरक्षा एवं संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

>> कालपी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता गयादीन अहिरवार की हत्या पर अधिवक्ताओं में आक्रोश, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग



सूर्योदय भास्कर
कानपुर नगर (बिल्हौर)- कालपी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री गयादीन अहिरवार की अपहरण के बाद निर्मम हत्या किए जाने की घटना से अधिवक्ता समाज में गहरा रोष व्याप्त है। इस जघन्य घटना के विरोध में मंगलवार को बिल्हौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश कटियार महामंत्री सौरभ कटियार एवं द लॉयर्स एसोसिएशन बिल्हौर अध्यक्ष जनार्दन महामंत्री कुशल एवं एकीकृत एडवोकेट एसोसिएशन अध्यक्ष विनीत महामंत्री अनुराग आदि पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने तथा अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किए जाने की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल महोदया को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिल्हौर/तहसीलदार बिल्हौर के माध्यम से सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि कालपी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री गयादीन अहिरवार का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई यह बहुत चिंताजनक विषय है बिल्हौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा वरिष्ठ अधिवक्ता की इस प्रकार हत्या किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक है। घटना से संपूर्ण अधिवक्ता समाज में दुख, आक्रोश एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त है। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि हत्या में शामिल सभी आरोपियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही की जाए। अधिवक्ताओं एवं उनके परिवारों की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा देशभर में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया जाए। इसके साथ ही अधिवक्ताओं के विरुद्ध होने वाली आपराधिक घटनाओं की त्वरित एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कठोर दंड दिया जाए।

ज्ञापन में दिवंगत अधिवक्ता श्री गयादीन अहिरवार के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने तथा उनके परिवार के एक सदस्य को योग्यतानुसार सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था का अभिन्न अंग हैं और आम नागरिकों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने शासन एवं प्रशासन से उक्त मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की।

जिलाधिकारी ने औद्योगिक इकाइयों में भूजल उपयोग की जांच कर अनियमितता पाए जाने पर नोटिस एवं जुमार्ना लगाने के दिये निर्देश



सूर्योदय भाष्कर बुरो चीफ
बिजनौर। जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भूगर्भ जल अधिनियम-2019 के प्रावधानों, भूजल के उपयोग एवं संरक्षण तथा औद्योगिक इकाइयों द्वारा भूजल के उपयोग के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (ठडउ) प्राप्त किए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने जनपद की औद्योगिक इकाइयों में भूजल के उपयोग की स्थिति की जांच कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित इकाइयों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा भूजल का उपयोग नियमानुसार किया जा रहा है अथवा नहीं तथा भूजल उपयोग के लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है या नहीं। जिन औद्योगिक इकाइयों द्वारा बिना अनुमति अथवा निर्धारित नियमों के विपरीत भूजल का दोहन किया जा रहा है, उन्हें नियमानुसार नोटिस जारी करने तथा आवश्यकतानुसार जुमार्ना अधिरोपित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जांच के दौरान भूजल के अवैध एवं अनियंत्रित दोहन के मामलों को गंभीरता से लिया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही, विभिन्न विभागों के अधिकारी अपने-अपने स्तर से औद्योगिक इकाइयों को भूजल उपयोग हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने तथा जल संरक्षण के उपाय अपनाने के प्रति जागरूक करें। बैठक में अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, मुरादाबाद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बढ़ापुर की खो नदी में खनन माफिया पर बड़ी कार्रवाई, करीब 20 डंपर समेत दर्जनों वाहन हिरासत में

पोकलेन मशीन और लोडर भी कार्रवाई की जद में, भारी पुलिस बल की मौजूदगी में छापेमारी से खनन कारोबारियों में मचा हड़कंप



सूर्योदय भाष्कर ब्यूरो चीफ
बिजनौर। बढ़ापुर थाना क्षेत्र की खो नदी में संचालित मोटी शीशम खनन पट्टे पर बड़ी छापेमारी से खनन कारोबारियों में खलबली मच गई। कार्रवाई के दौरान करीब 20 डंपर, एक पोकलेन मशीन, लोडर समेत दर्जनों वाहनों को हिरासत में लिए जाने की जानकारी सामने आई है। अचानक हुई इस कार्रवाई से खनन क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बीच कार्रवाई की गई। खो नदी में खनन को लेकर हुई इस बड़ी कार्रवाई ने क्षेत्र में चल रहे खनन कारोबार पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कार्रवाई की खबर फैलते ही खनन क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में वाहनों को हिरासत में लिए जाने से खनन कारोबारियों में बेचैनी बढ़ गई है।

खनन माफिया के खिलाफ हुई इस कार्रवाई के बाद अब कई सवाल उठने लगे हैं। आखिर खो नदी में खनन का संचालन किन नियमों और शर्तों के तहत किया जा रहा था? क्या खनन पट्टे की आड़ में निर्धारित सीमाओं से बाहर जाकर खनन किया जा रहा था? यदि अनियमितताएं थीं, तो अब तक जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इस ओर क्यों नहीं पड़ी? इन सवालों के जवाब जांच के बाद ही सामने आ सकेंगे।

फिलहाल, करीब 20 डंपरों सहित अन्य वाहनों को हिरासत में लिए जाने की कार्रवाई को खनन कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। अब निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। जांच में यदि खनन नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की उम्मीद है।

लोन की किस्तों के दबाव में 43 वर्षीय कैंटर मालिक ने की आत्महत्या, बेटे के नाम छोड़ा वॉइस मैसेज।



सूर्योदय भास्कर
गाजियाबाद क्षेत्र की मोदीनगर गोविंदपुरी चौकी क्षेत्र के गायत्री एंक्लेव में सोमवार देर रात एक 43 वर्षीय व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान राजेश के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह दो कैंटर लोन पर लेकर चला रहे थे। लोन की किस्तें जमा नहीं कर पाने और बैंक की ओर से लगातार दबाव के चलते वह काफी समय से परेशान चल रहे थे।

जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब तीन बजे राजेश ने घर के अंदर फांसी लगा ली। सुबह सबसे पहले उनकी पत्नी साधना (38) ने उन्हें फंदे पर लटका देखा। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उन्हें जीवन अस्पताल लेकर गए। हालांकि, वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोहननगर स्थित मोर्चरी भेज दिया।

बताया जा रहा है कि राजेश अपने पीछे पत्नी साधना और चार बच्चों को छोड़ गए हैं। आत्महत्या से पहले उन्होंने अपने बेटे के नाम एक वॉइस मैसेज भी छोड़ा था। इसमें उन्होंने बेटे को अच्छे से पढ़ाई करने, समय से घर आने और अपने भाई-बहनों का ख्याल रखने की बात कही है।

घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय दो शातिर अपराधी गिरफ्तार


शिवरतनगंज पुलिस ने चोरी के जेवरात के साथ नकदी किया बरामद

सूर्योदय भास्कर संवाददाता
तिलोई, अमेठी। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा मय हमराह द्वारा देखभाल पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पूरे बैसन मजरे जैतपुर में जो घरों में चोरी हुई थी उसी से संबन्धित अभियुक्तगण स्पेलेण्डर मोटर साइकिल से हैदरगढ़ से शिवरतनगंज की ओर आ रहे हैं जो कि चोरी करने की फिराक में हैं।उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा कुकहा रामपुर मोड़ के पास चेकिंग की जाने लगी कि तभी एक स्पेलेण्डर मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिये जो कि पुलिस टीम को देखते ही भागने लगे एवं पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर करने पर पीछे बैठा व्यक्ति घायल होकर गिर गया तथा मोटरसाइकिल गिरने से आगे बैठे चालक का पैर मोटरसाइकिल में फंस गया। पुलिस टीम द्वारा घायल व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम वकील उर्फ सेनापति पुत्र मंजूर खान निवासी इटौंजा थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या बताया जिसके कब्जे से एक तमंचा,दो जिन्दा,दो खोखा कारतस, चार जोड़ी पायल, तीन बिछिया,एक नाक की कील, दो कान के टप्स व पांच हजार आठ सौ रुपये बरामद हुये। मोटर साइकिल चालक से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम चांद मोहम्मद उर्फ बादशाह पुत्र मंजूर खान निवासी इटौंजा थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या बताया जिसके कब्जे तीन जोड़ी पायल, तीन बिछिया, एक नाक की कील, एक लॉकेट, एक चांदी का गुटका व नौ हजार दो सौ रुपये बरामद हुये।

करीब पन्द्रह दिन पूर्व ग्राम नेवाजगढ़ कैथन मजरे अहमदपुर थाना क्षेत्र बाजार शुकुल में एक घर में नकब लगाकर जेवरात व रुपयों की चोरी किये थे तथा करीब दस दिन पूर्व ग्राम पूरे बैसन मजरे जैतपुर थाना क्षेत्र शिवरतनगंज में घरों का ताला तोड़कर चोरी किये थे।

अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा गिरफ्तार वकील उर्फ सेनापति एक शातिर अन्तर्जनपदीय अपराधी है जिसके विरुद्ध चोरी, लूट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट व गैंगस्टर एक्ट आदि विभिन्न गंभीर धाराओं में जनपद अमेठी, अयोध्या, सुलतानपुर व बाराबंकी में कुल तैंतीस अभियोग पंजीकृत हैं एवं चांद मोहम्मद उर्फ बादशाह के विरुद्ध चोरी, आर्म्स एक्ट व गोवध निवारण अधिनियम आदि की विभिन्न गंभीर धाराओं में जनपद अमेठी, बाराबंकी व अयोध्या में कुल आठ अभियोग पंजीकृत हैं।

आजाद समाज पार्टी के महासचिव निजाम चौधरी के नेतृत्व में एक्शन ऑफिस का घेराव किया



सूर्योदय भास्कर
गाजियाबाद क्षेत्र के मोदीनगर में दिनांक 2 नवंबर 2026 को आजाद समाज पार्टी काशीराम द्वारा प्रदेश महासचिव निजाम चौधरी के नेतृत्व में एक्शन ऑफिस का घेराव किया गया वह कई घंटे एक्शन ऑफिस पर धरना दिया गया जिसमें शहर की विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी मोदीनगर एक्शन मुरादनगर को दिया गया इस मौके पर एसीपी मुरादनगर थाना अध्यक्ष मुरादनगर भी मौजूद रहे और धरने में सैकड़ो लोगों ने शिरकत की दिन में प्रमुख रूप से सतपाल चौधरी राजस्थान प्रभारी प्रदेश सचिव संजय जाटव प्रदेश कौर कमेटी सदस्य अफजल सैफी जिला अध्यक्ष अशोक सम्राट बाबू भाई शकील रमेश चंद्र अयूब गाजी दिलशाद मलिक दाऊद अहमद रमेश ठेकेदार सुशील गौतम आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे उप जिलाधिकारी मोदीनगर और एक्शन मुरादनगर ने 15 दिन में समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया इस शर्त पर धरना समाप्त हुआ

सिद्धार्थनगर में 7 नवंबर को होगा सोशल मीडिया वीडियो क्रिएटर्स एवं एक्टिविस्ट सम्मेलन व सम्मान समारोह

छोटी दीपावली के अवसर पर जुटेंगे जनपद के चर्चित वीडियो क्रिएटर्स, मंच पर होगा प्रतिभाओं का सम्मान



सूर्योदय भास्कर संवाददाता।
सिद्धार्थनगर। छोटी दीपावली के पावन अवसर पर व्यापार सेवा मण्डल, गोल्हौरा बाजार के तत्वावधान में श्री लक्ष्मी पूजा सेवा समिति के पंडाल में आगामी 7 नवंबर को शाम 6 बजे से सोशल मीडिया वीडियो क्रिएटर्स एवं एक्टिविस्ट सम्मेलन व सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जनपद सिद्धार्थनगर सहित आसपास के जनपदों के लोकप्रिय सोशल मीडिया वीडियो क्रिएटर्स, डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे।

इस सम्मेलन में मुख्य वीडियो क्रिएटर के रूप में मोहन यादव कॉमेडी, सद्दाम, जाफरी सर, मंजू देवी, फूल चंद प्रजापति, लकी की मम्मी, आरती ऑफिशियल, पंचम एवं माही राजपूत सहित कई चर्चित सोशल मीडिया हस्तियों के सम्मिलित होने की संभावना है। संगीतमय कार्यक्रम का शुभारंभ संगीतकार डॉ. अवधेश चौधरी द्वारा किया जाएगा

आयोजन का मुख्य उद्देश्य सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी प्रतिभा, कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन करने वाले युवाओं एवं अन्य प्रतिभाशाली लोगों को एक साझा मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान सभी आमंत्रित वीडियो क्रिएटर्स एवं एक्टिविस्ट को मंच पर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल प्लेटफॉर्म की उपयोगिता, सोशल मीडिया के सकारात्मक प्रभाव तथा नए क्रिएटर्स के लिए संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

आयोजकों की ओर से जनपद सिद्धार्थनगर एवं आसपास के जनपदों के सभी सोशल मीडिया वीडियो क्रिएटर्स, डिजिटल इनफ्लुएंसर्स एवं एक्टिविस्टों को कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया गया है। यह सम्मेलन स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और डिजिटल क्षेत्र में आपसी सहयोग एवं संवाद को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक डॉ. गोविन्द मौर्य प्रेम जी ने देते हुए सभी सोशल मीडिया क्रिएटर्स एवं एक्टिविस्टों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

पराली जलाने वाले किसानों से वसूला जायेगा जुमार्ना : एसडीएम

घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिये किसानों को करें जागरूक

सूर्योदय भास्कर संवाददाता
तिलोई, अमेठी। तहसील तिलोई के सभागार में मंगलवार को में फसल अवशेष (पराली) जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के उददेश्य से उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार ने राजस्व कृषि एवं विकास विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

उप जिलाधिकारी अरुणिमा श्रीवास्तव ने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रभावी निगरानी, जनजागरूकता और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाय ताकि किसानों को पराली न जलाने के लिये प्रेरित करने के साथ ही क्षेत्र में ऐसी घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। बैठक में उप जिलाधिकारी अरुणिमा श्रीवास्तव ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है वायु की गुणवत्ता प्रभावित होती है तथा मिट्टी की उर्वरता और उसमें मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीवों को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गांव-गांव जाकर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक करें और उन्हें पराली जलाने के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दें। विशेष रूप से उन गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जाय। एसडीएम अरुणिमा श्रीवास्तव ने कहा कि फसल अवशेष जलाना दंडनीय अपराध है यदि किसी किसान द्वारा पराली जलाये जाने की पुष्टि होती है तो निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति की वसूली की जायेगी। इसके तहत दो एकड़ से कम क्षेत्र के लिये पांच हजार रुपया, दो से पांच एकड़ क्षेत्र के लिये दस हजार रुपया तथा पांच एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिये तीस हजार रुपया तक पर्यावरण क्षतिपूर्ति का प्रावधान है बैठक में तहसीलदार अभिषेक यादव,नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा,एडीओ पंचायत शिवांश मिश्रा, विजय यादव, मानस शुक्ला, वेद प्रकाश मिश्रा, श्रीकांत यादव, शिवम तिवारी, संजीत विश्वकर्मा,नितेश कुमार यादव, सुशील सिंह, रणवीर सिंह, सौरभ सिंह, मोहन लाल मौर्या,मनीष सिंह,लाल चंद्र सरोज, सुरेश यादव, राजेश कुमार, अवनीश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

दीपावली पर सीतापुर में बदलेगी यातायात व्यवस्था, तीन स्थानों पर मिलेगी मुफ्त पार्किंग

चार से आठ नवंबर तक बाजारों में चलेंगे आठ निशुल्क ई-रिक्शा, भारी वाहनों की लोडिंग-अनलोडिंग के लिए भी तय हुआ समय



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर। दीपावली के त्योहार पर शहरवासियों और बाजारों में खरीदारी करने आने वाले लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद ने विशेष यातायात प्रबंधन योजना तैयार की है। नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके तहत तीन स्थानों पर मुफ्त पार्किंग और बाजार क्षेत्र में निशुल्क ई-रिक्शा संचालन की व्यवस्था की गई है।नगर पालिका की ओर से चार नवंबर से आठ नवंबर 2026 तक तीन स्थानों पर मुफ्त पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इनमें नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर, लालबाग के पीछे लकड़ी मंडी पार्किंग स्थल तथा एचओपी एसपी कार्यालय के पीछे का स्थान शामिल है। इन स्थानों पर वाहन चालक सुबह आठ बजे से रात दस बजे तक अपने वाहन निःशुल्क खड़े कर सकेंगे।वहीं, बाजार में लोगों की आवाजाही आसान बनाने के लिए अटल चौक लालबाग चौराहे से कैप्टन मनोज पांडेय तिराहे तक आठ ई-रिक्शा निशुल्क संचालित किए जाएंगे। यह सुविधा चार नवंबर से आठ नवंबर तक सुबह दस बजे से रात दस बजे तक उपलब्ध रहेगी। इससे बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर भी दुकानदारों से सहयोग की अपील की गई। नगर पालिका ने व्यापारियों से कहा कि वे अपनी दुकानों का कूड़ा-कचरा निर्धारित बैग में एकत्र कर पालिका के कूड़ा संग्रहण वाहन में ही डालें, जिससे बाजारों में स्वच्छता बनी रहे।इसके अलावा भारी वाहनों की आवाजाही और लोडिंग-अनलोडिंग के लिए भी समय निर्धारित किया गया है। राजा कॉलेज मैदान में भारी वाहन रात दस बजे से सुबह नौ बजे तक ही लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य कर सकेंगे। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, सीओ सिटी विनय यादव, नगर कोतवाल दिनेश पांडेय, तामसेनगंज चौकी प्रभारी पूजा कटियार सहित पुलिस एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

धराशाई धान की फसल ने किसानों की तोड़ी कमर, खेतों में बिछी फसल देख छलक रहे आंसू



सूर्योदय भास्कर संवाददाता

मुसाफिरखाना , अमेठी। तहसील के दक्षिणी क्षेत्र में दैवीय आपदा से भारी नुकसान, किसानों ने की तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग

मुसाफिरखाना अमेठी

तहसील मुसाफिरखाना के दक्षिणी क्षेत्र में किसानों की लहलहाती धान की फसल धराशाई होने से अन्नदाताओं के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। खेतों में दूर-दूर तक गिरी धान की फसल देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है, मानो खेतों में फसल की चादर बिछ गई हो। फसल की यह दुर्दशा देखकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं। कई किसान अपनी बबार्दी का दर्द बयां करते हुए भावुक हो उठते हैं। उनका कहना है कि पूरे साल की मेहनत और पूंजी बर्बाद हो गई, अब परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल हो जाएगा।

क्षेत्र में फसलों को हुए नुकसान की बानगी किसान एवं पत्रकार यशपाल सिंह के खेत में देखने को मिल रही है, जहां धान की पूरी फसल जमीन पर गिर गई है। इसी तरह धरौली गांव और उसके आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में किसान इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुए हैं। किसानों का कहना है कि धान की फसल ही उनकी आजीविका का प्रमुख साधन है। ऐसे में फसल बर्बाद होने से उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है।प्रभावित किसानों शेर बहादुर सिंह निवासी रुदौली, पवन कुमार पांडेय निवासी पूरे सरनाम पांडेय, मवई अढ़नपुर के बाबूराम, अक्षयबर सिंह, प्रगतिशील किसान शिवशंकर सिंह, साधुराम गुप्ता, राहुल सिंह, कीर्तिपाल सिंह निवासी धरौली, नकछेद गुप्ता, शिवराम गौतम, राजदुलार यादव, सियाराम केवट, पहाड़ी सरोज, श्यामलाल सरोज, राहुल सरोज, पूर्व प्रधान विनोद सिंह, गिरीश चंद्र गुप्ता, सत्यनारायण सरोज, हरदोईय के बाबू वीपी सिंह और राजकुमार केवट सहित अन्य किसानों ने शासन-प्रशासन से तत्काल राहत दिलाने की मांग की है।किसानों का आरोप है कि अभी तक गांवों में राजस्व विभाग के किसी कर्मचारी ने मौके पर पहुंचकर फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने की जरूरत नहीं समझी है। इससे प्रभावित किसानों में नाराजगी भी है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि राजस्व विभाग की टीम तत्काल गांवों में पहुंचकर फसलों के नुकसान का निष्पक्ष सर्वे करे और प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा एवं सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि संकट की इस घड़ी में अन्नदाताओं को कुछ राहत मिल सके।

उज्ज्वला योजना से सीतापुर के 6.03 लाख परिवारों को मिलेगा दो मुफ्त सिलेंडर रिफिल का लाभ

>> होली और दीपावली पर मिलेगी सौगात, राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने महिलाओं के स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता को बताया प्राथमिकता



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर। खैराबाद स्थित भूमिजा हॉल में मंगलवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत जागरूकता एवं लाभार्थी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु और जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के साथ उनके स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।राज्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से जनपद के लगभग 6 लाख 3 हजार 566 पात्र परिवारों को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष होली और दीपावली पर दो अतिरिक्त निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल का लाभ दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है।उन्होंने कहा कि पारंपरिक चूल्हों में लकड़ी, कोयला और उपले जलाने से निकलने वाला धुआं महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। एलपीजी के उपयोग से सांस संबंधी बीमारियों, आंखों की परेशानी और धुएं से होने वाले अन्य नुकसान का खतरा कम होता है। साथ ही महिलाओं को लकड़ी और उपले जुटाने की मेहनत से राहत मिलती है तथा खाना बनाने में लगने वाला समय भी बचता है।उन्होंने बताया कि योजना के तहत पात्र परिवार की वयस्क महिला के नाम पर बिना सिक्योरिटी जमा किए गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया जाता है। इसमें गैस चूल्हा, सिलेंडर, रेगुलेटर और सुरक्षा पाइप की सुविधा दी जाती है। पहले रिफिल के रूप में 14.2 किलोग्राम का भरा हुआ सिलेंडर भी निःशुल्क दिया जाता है। इसके अतिरिक्त मुफ्त रिफिल योजना की धनराशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी के आधार से जुड़े बैंक खाते में भेजी जाती है।राज्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ ईंधन से बचने वाले समय का उपयोग महिलाएं स्वयं सहायता समूहों, हस्तशिल्प और अन्य स्वरोजगार गतिविधियों में कर सकती हैं। इससे उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं उज्ज्वला योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

सरस मेले का राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने किया शुभारंभ

स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पादों की सराहना कर की खरीदारी, तीन दिन तक चलेगा मेला



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर। राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय सरस मेले का शुभारंभ नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने मेले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया और उनके उत्पादों की सराहना करते हुए खरीदारी भी की।कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जोशी सहित उपायुक्त स्वतः रोजगार डॉ. सुशांत सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने विभिन्न स्टालों पर पहुंचकर महिलाओं से उत्पादों के निर्माण, विपणन और बिक्री की जानकारी ली तथा खरीदारी कर उनका उत्साहवर्धन किया।मेले में जनपद के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार घरेलू उपयोग की वस्तुएं, हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री, पारंपरिक उत्पाद और अन्य स्थानीय सामान प्रदर्शित किए गए हैं। मेले के माध्यम से महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार और सीधे ग्राहकों तक पहुंच बनाने का अवसर मिल रहा है।इस अवसर पर राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। उनके हुनर और मेहनत को बाजार उपलब्ध कराने में सरस मेला महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने जनसामान्य से मेले में पहुंचकर स्थानीय उत्पादों की खरीदारी करने और महिलाओं के प्रयासों को प्रोत्साहित करने की अपील की।

सीतापुर में 35 लाख की अफीम के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

>> बिहार से पंजाब ले जाई जा रही थी 6 किलो 240 ग्राम अफीम, टाटा ट्रक समेत मोबाइल और नकदी बरामद



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर। जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खैराबाद पुलिस और सहारनपुर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लखनऊ-सीतापुर मार्ग पर जमैय्यतपुर मोड़ के पास चेकिंग के दौरान कोयला लदे टाटा ट्रक से 6 किलो 240 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है। पुलिस के अनुसार बरामद अफीम की अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये है।पुलिस के मुताबिक, 3 नवंबर को संयुक्त टीम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कोयला लदे टाटा ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। ट्रक के केबिन में बने गुप्त स्थान से चार पारदर्शी पैकेटों में रखी अफीम बरामद हुई। मौके से गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुरदीप सिंह (46) पुत्र जीत सिंह, निवासी ग्राम मोटे माजरा, जिला एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब के रूप में हुई है।पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बिहार के गया जनपद के बाराचट्टी क्षेत्र से अफीम लेकर आ रहा था और इसे पंजाब के बनूड़ (मोहाली) पहुंचाना था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2300 रुपये नकद, दो स्मार्टफोन तथा ट्रक से संबंधित दस्तावेज भी बरामद किए हैं। तस्करी में प्रयुक्त टाटा ट्रक (नंबर PB65BP 5955) को भी कब्जे में लिया गया है।इस मामले में थाना खैराबाद में मुकदमा अपराध संख्या 286/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18/29/60 में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है। संयुक्त कार्रवाई में खैराबाद पुलिस और एएनटीएफ की टीम शामिल रही।

धौरहरा में पंचायत विभाग में कथित वसूली का खेल! दीपावली के नाम पर 10 हजार रुपये मांगने का व्हाट्सएप संदेश वायरल

>> एडीओ पंचायत के नाम से सामने आए चैट स्क्रीनशॉट ने खड़े किए सवाल, पंचायत सचिवों पर आर्थिक दबाव बनाने का आरोप

सूर्योदय भास्कर` जिला संवाददाता, लखीमपुर खीरी

लखीमपुर खीरी। विकासखंड धौरहरा के पंचायत विभाग में कथित आर्थिक वसूली का मामला सामने आने से विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि एडीओ पंचायत धौरहरा की ओर से पंचायत सचिवों से दीपावली के नाम पर 10-10 हजार रुपये लाने को कहा गया है।

इस मामले में एक व्हाट्सएप चैट का स्क्रीनशॉट भी सामने आया है। इसमें संदेश लिखा है, "कल दीपावली का 10000 रुपया लेकर आए जिले पर भेजना है पर हेड जाना है।" इसके बाद दूसरे संदेश में लिखा गया है, "जिले से मैसेज आया है।"

इस कथित संदेश के सामने आने के बाद पंचायत विभाग के कर्मचारियों के बीच चचाएं तेज हो गई हैं।





सवाल उठ रहा है कि आखिर दीपावली के नाम पर 10 हजार रुपये किस मद में मांगे जा रहे हैं? यदि जिले से ऐसा कोई निर्देश आया है तो उसका लिखित आदेश कहां है? और यदि कोई आदेश नहीं है तो कर्मचारियों से धनराशि मांगने का आधार क्या है?

मामला केवल 10 हजार रुपये का नहीं, बल्कि सरकारी व्यवस्था में कार्यरत कर्मचारियों पर कथित आर्थिक दबाव और जवाबदेही का भी है।

जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग

अब देखना यह है कि जिलाधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी इस मामले का संज्ञान लेकर व्हाट्सएप संदेश की सत्यता, धनराशि मांगने के उद्देश्य और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराते हैं या नहीं। पंचायत सचिवों से कथित धनराशि मांगने के इस मामले में संबंधित एडीओ पंचायत का पक्ष भी सामने आना जरूरी है।

मिश्रिख और पिसावां में आबकारी विभाग की छापेमारी, अवैध शराब कारोबार पर कसा शिकंजा

एक महिला गिरफ्तार, 25 लीटर कच्ची शराब बरामद; 80 किलो लहन मौके पर कराया गया नष्ट



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर। अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग ने मंगलवार को मिश्रिख और पिसावां क्षेत्र में अभियान चलाकर छापेमारी की। इस दौरान एक महिला को गिरफ्तार किया गया। टीम ने 25 लीटर कच्ची शराब बरामद करने के साथ ही मौके पर मिले 80 किलोग्राम लहन को नष्ट कराया। कार्रवाई के दौरान आबकारी अधिनियम के तहत तीन अभियोग पंजीकृत किए गए।आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश पर उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार एवं जिला आबकारी अधिकारी सीतापुर के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक मिश्रिख ने टीम के साथ ग्राम तेलियानी, संजराबाद थाना मिश्रिख और ग्राम फरिया थाना पिसावां में दबिश दी। अभियान के दौरान अवैध शराब के निर्माण और बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।इसके साथ ही आबकारी टीम ने क्षेत्र की देशी एवं कंपोजिट शराब की दुकानों पर गोपनीय रूप से टेस्ट परचेज कराकर शराब की गुणवत्ता, मिलावट और निर्धारित एमआरपी पर बिक्री की जांच की। दुकानों के स्टॉक का मिलान रजिस्टर से किया गया। विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि शराब की शत-प्रतिशत बिक्री पीओएस मशीन के माध्यम से ही सुनिश्चित करें।आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

छात्रा की मौत से गांव में आक्रोश, आरोपी जेल में; बुलडोजर कार्रवाई की मांग

सूर्योदय भास्कर/संवाददाता

मलिहाबाद, लखनऊ

मलिहाबाद। कसमंडी कलां चौकी क्षेत्र के रमगढ़ा गांव में सोमवार दोपहर 14 वर्षीय कक्षा 11 की छात्रा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी, आरोपी के मकान पर बुलडोजर कार्रवाई और संबंधित दरोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई। मौके पर पहुंचे एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया, जिसके बाद देर शाम छात्रा का अंतिम संस्कार किया गया।

मृतका के पिता रामलखन का आरोप है कि गांव का ही युवक हंसकुमार कई महीनों से उनकी नाबालिग बेटी को स्कूल आते-जाते रास्ते में रोककर परेशान कर रहा था। करीब पांच माह पूर्व विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला किया था, जिसमें बेटी को तीन टांके आए थे। पिता का आरोप है कि उस समय शिकायत के बावजूद चौकी स्तर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

परिजनों के मुताबिक, 13 अक्टूबर को भी आरोपी के शराब के नशे में घर में घुसकर अभद्रता करने और धमकी देने की लिखित शिकायत चौकी पर दी गई थी, लेकिन 18 दिन बीतने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। परिजनों का कहना है कि लगातार उत्पीड़न और कार्रवाई न होने से बेटी मानसिक रूप से परेशान थी। सोमवार को घर पर अकेली होने के दौरान उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया।

घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी हंसकुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई और बुलडोजर कार्रवाई की मांग की है।

एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह की मौजूदगी में पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद गोमती नदी के तट पर रीति-रिवाज के साथ छात्रा का अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर मलिहाबाद, रहीमाबाद, माल और जानकीपुरम थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही। पुलिस का कहना है कि मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

डीसीएम श्रीराम शुगर यूनिट अजबापुर चीनी मिल का एसडीएम, सीओ ने फीता काटकर किया शुभारंभ



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ

जंगबहादुरगंज खीरी। डीसीएम श्रीराम शुगर यूनिट अजबापुर चीनी मिल का उद्घाटन एसडीएम,सीओ ने फीता काटकर किया। बता दें जनपद लखीमपुर खीरी के पसगवां ब्लॉक स्थित डीसीएम श्रीराम शुगर यूनिट अजबापुर मिल पेराई सत्र 2026-27 का शुभारंभ मोहम्मदी के उपजिलाधिकारी राजेश प्रताप सिंह व क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। मिल में सबसे पहले पंडित जी के द्वारा पूजन-अर्चन कर एक किसान राम रूप पुत्र झब्बूलाल निवासी बहरमा की बैलगाड़ी तोली गयी। वही प्रथम ट्रैक्टर ट्राली इस्लाम पुत्र अहमद खान ग्राम ककरौआ ढकिया पसगवां खीरी की तोल की गयी। जिसे एसडीएम, सीओ व अजबापुर चीनी मिल के अधिकारियों द्वारा शाल उठाकर फूल माला पहनकर सम्मानित किया। मिठाई व पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। इसके बाद डोगा में गन्ना डालकर फैक्ट्री का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी राजेश प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह के अलावा चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर आर एल टामक, इकाई प्रमुख अजवापुर प्रदीप त्यागी,इकाई प्रमुख लोनी राजा श्रीवास्तव, इकाई प्रमुख रुपापुर संजीव तोमर, ज्येष्ठ गन्ना प्रबंधक अविनाश शुक्ला, ज्येष्ठ गन्ना महाप्रबंधक अजय कुमार बघेल,सीसी हेड प्रभात कुमार, एच० आर० हेड के० एन० राय, जेबी गंज गन्ना समिति सचिव गजेंद्र कटियार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गन्ना पर्यवेक्षक संघ अमर नाथ पाण्डेय,गन्ना विभाग अध्यक्ष ए सिद्दीकी, रिलेशन दीपक मिल्टन, किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मास्टर दिलीप सिंह, औरंगाबाद के नवाब कल्वे हसन,किसान सुधीश प्रताप सिंह, पिपरौला के पूर्व प्रधान राजेंद्र कुमार सिंह, कमल सिंह, पूर्व प्रधान मुनेन्द्र सिंह, प्रधान वीरपाल कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य अनूप सिंह, पूर्व प्रधान कुलदीप सिंह, विरेन्द्र सिंह, पूर्व प्रधान अवधेश कुमार यादव आदि किसान मौजूद रहे।

धौरहरा बसंतापुर पंचायत में टेंडर और भुगतान पर उठे सवाल, लाखों के कार्यों की जांच की मांग!

सूर्योदय भास्कर` जिला संवाददाता लखीमपुर खीरी

लखीमपुर खीरी। विकासखंड धौरहरा की ग्राम पंचायत बसंतापुर में वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 एवं 2026-27 के दौरान कराए गए पंचायत विकास कार्यों और भुगतान प्रक्रिया को लेकर कथित अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। पंचायत में 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की धनराशि के उपयोग को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

आरोप है कि पंचायत में नल मरम्मत, प्रशासनिक मद और मजदूरी भुगतान सहित विभिन्न कार्यों में वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं। वहीं, कुछ लोगों द्वारा टेंडर प्रक्रिया को केवल कागजी औपचारिकता पूरी करने तक सीमित रखने का भी आरोप लगाया जा रहा है।

इन बिंदुओं पर उठ रहे हैं सवाल–

15वें एवं 5वें वित्त आयोग की धनराशि के उपयोग का विवरण।

नल मरम्मत के नाम पर किए गए भुगतान की वास्तविकता।

प्रशासनिक मद में खर्च की गई धनराशि का हिसाब।

मजदूरी भुगतान और कराए गए कार्यों की सत्यता।

टेंडर प्रक्रिया नियमानुसार पूरी हुई या नहीं।

कार्यों की गुणवत्ता और भुगतान से संबंधित अभिलेखों की जांच।

निष्पक्ष जांच की मांग

मामले को लेकर ग्राम पंचायत के प्रधान और सचिव की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग उठ रही है। मांग है कि संबंधित वित्तीय अभिलेखों, टेंडर प्रक्रिया, भुगतान विवरण और मौके पर कराए गए विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जाए। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और जांच के बाद क्या तथ्य सामने आते हैं।

नोटः यह मामला सामने आए आरोपों पर आधारित है। आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि तथा संबंधित प्रधान और सचिव का पक्ष सामने आना बाकी है।

लखीमपुर खीरी छप्पह चौकी के बगल में देसी शराब कैंटीन पर ओवररेटिंग का आरोप, ग्राहकों से आए दिन विवाद!



सूर्योदय भास्कर जिला संवाददाता लखीमपुर खीरी
लखीमपुर खीरी। जिले में देसी शराब की दुकानों के आसपास संचालित कैंटीनों की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ताजा मामला शहर की एलआरपी पुलिस चौकी के ठीक बगल में स्थित देसी शराब की दुकान की कैंटीन का है, जहां ग्राहकों से निर्धारित कीमत से अधिक वसूली किए जाने के आरोप सामने आए हैं।
स्थानीय ग्राहकों का आरोप है कि कैंटीन संचालक द्वारा सामान निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर बेचा जाता है। कीमत को लेकर आए दिन ग्राहकों और कैंटीन संचालक के बीच कहासुनी होती है। कई बार विवाद गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंचने की नौबत आ जाती है।
पुलिस चौकी के पास ही विवाद, फिर भी सवाल बरकरार!
सबसे बड़ा सवाल यह है कि एलआरपी पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर यदि लगातार विवाद और निर्धारित दर से अधिक वसूली की शिकायतें हो रही हैं, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई?
स्थानीय लोगों ने आबकारी विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं और कैंटीन संचालन में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की है।
जिलाधिकारी और आबकारी अधिकारी से कार्रवाई की मांग
स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी से मांग की है कि कैंटीन की जांच कराई जाए। सामान की निर्धारित कीमतों और बिक्री दरों का मिलान किया जाए तथा ग्राहकों से अधिक वसूली और विवाद की शिकायतें सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।
अब देखना होगा कि आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और ग्राहकों को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाते हैं।
नोटः खबर स्थानीय ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों एवं आरोपों पर आधारित है। संबंधित कैंटीन संचालक, आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रकाशित किया जाएगा।

नकहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चंद कदमों की दूरी पर संचालित सुभाषिनी हॉस्पिटल पर उठे सवाल, मरीजों की सुरक्षा को लेकर चिंता!

सूर्योदय भास्कर जिला संवाददाता लखीमपुर खीरी
लखीमपुर खीरी। नकहा क्षेत्र में निजी अस्पतालों के संचालन और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। ताजा मामला नकहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चंद कदमों की दूरी पर संचालित लगभग एक दर्जन बेड वाले सुभाषिनी हॉस्पिटल का है। सामने आई तस्वीर में अस्पताल की बिल्डिंग दिखाई दे रही है, वहीं अस्पताल में मरीजों के भर्ती होने की भी जानकारी मिली है।
स्थानीय लोगों द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के निर्धारित मानकों और आवश्यक योग्यताओं का पालन नहीं किया जा रहा है। अस्पताल के पंजीकरण, चिकित्सकों की उपलब्धता और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।
बताया जा रहा है कि इसी बिल्डिंग



के निचले हिस्से में शिवा फार्मा मेडिकल स्टोर भी संचालित है, जहां अंग्रेजी एवं देशी दवाओं के विक्रय से संबंधित बोर्ड लगे हुए हैं।
स्थानीय लोगों ने उठाए ये गंभीर सवाल–
1. क्या सुभाषिनी हॉस्पिटल स्वास्थ्य विभाग में विधिवत पंजीकृत है?
2. क्या अस्पताल के पास संचालन के लिए आवश्यक वैध लाइसेंस और अनुमति उपलब्ध है?
3. क्या यहां योग्य चिकित्सक एवं प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ नियमित रूप से मौजूद रहते हैं?
4. मरीजों के इलाज और ऑपरेशन के लिए निर्धारित चिकित्सा मानकों का पालन किया जा रहा है?
5. अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं और बेड की संख्या निर्धारित मानकों के अनुरूप हैं या नहीं?
नकहा क्षेत्र में अन्य निजी अस्पतालों पर भी सवाल
ग्रामीणों का आरोप है कि नकहा कस्बे और झंडी रोड सहित आसपास के क्षेत्रों में कई निजी अस्पताल, क्लीनिक और पैथोलॉजी लैब संचालित हो रहे हैं। इन संस्थानों के पंजीकरण, चिकित्सकीय सुविधाओं और मानकों की जांच कराए जाने की मांग भी उठ रही है।
स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी पर सवाल
सबसे बड़ा सवाल यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के इतने करीब संचालित निजी अस्पताल की व्यवस्था और वैधता की जांच संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई है या नहीं।
अब स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग है कि सुभाषिनी हॉस्पिटल सहित क्षेत्र के अन्य निजी अस्पतालों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। पंजीकरण, डॉक्टरों की योग्यता, स्टाफ, उपचार सुविधाओं और ऑपरेशन संबंधी अनुमतियों का सत्यापन किया जाए। यदि जांच में अनियमितताएं मिलती हैं तो नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि है। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही की निष्पक्ष जांच जरूरी है।
नोटः खबर में उल्लिखित आरोप स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी पर आधारित हैं। अस्पताल प्रबंधन और संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।
फोटोः नकहा स्थित सुभाषिनी हॉस्पिटल की बिल्डिंग।

पार्थ पथ हरि शंकरी माला अभियान कार्यक्रम विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह की अगुआई में आयोजित

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ मोहम्मदी खीरी। विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह एड0 के साथ , सामाजिक कार्यकताओं की एक टोली ने पाण्डव कालीन स्थापित पार्थ पथ का निरीक्षण प्रारंभ किया, जो आगामी कई दिनों तक चलेगा, सर्वप्रथम श्री मंगलेश्वर नाथ मंदिर ग्राम राजेपुर से टोली ने यात्रा प्रारंभ की और श्री मनकामेश्वर नाथ मंदिर,बेला छेदा, तहसील पुवायां, जनपद शाहजहांपुर , श्री लोधेश्वर नाथ मंदिर रधोला,ब्लॉक मोहमदी, श्री प्रगटेश्वर नाथ मंदिर,बडेरा ब्लॉक मोहमदी, श्री बाबा तुरंतनाथ बैनी ब्लॉक मोहमदी का निरीक्षण किया, ग्राम बिलसडी पुवायां में सजंय त्रिपाठी के आवास पर कार्यक्रम की चर्चा हुई,
पार्थ पथ यात्रा में मंदिर परिसरों में क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक की गई और उन्हें पार्थ पथ हरिशंकरी माला अभियान के बारे में विस्तार से बताया गया,
लोक भारती अवध प्रान्त सह संयोजक अतुल रस्तोगी ने जगह - जगह हुई बैठकों में हरिशंकरी रोपण के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्था लोक भारती ने उत्तर प्रदेश में हो रही 4 प्रमुख परिक्रमा मार्गों पर हरिशंकरी रोपण का कार्य प्रारंभ किया है, जिसके अंतर्गत चित्रकूट, अयोध्या, नैमिषारण्य, ब्रज, की 84 कोसीय परिक्रमा मार्ग पर हरिशंकरी रोपण किया जा रहा है, अभी 24 अक्टूबर से 29 अक्टूबर2026 नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र की सम्पूर्ण 84 कोस पर यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ है, इस कार्यक्रम में प्रत्येक कोस पड़ाव पर



हरिशंकरी का रोपण होता है तथा उस स्थान की पहचान अलग - अलग ऋषियों के नाम से हो यह व्यवस्था की जाती है, प्रत्येक पड़ाव की टोली बनाई जाती है जो भविष्य में लगाई गई हरिशंकरी की देखभाल सुरक्षा आदि करें, इस अभियान में विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता गण, संतगण, अधिकारीगण,जनप्रतिनिधि गण, क्षेत्रवासी आदि सम्मिलित होते हैं, बहुत उत्साह के साथ उत्सव रूप में यह कार्यक्रम सम्पन्न होता है,
हम सभी का सौभाग्य है कि अपने क्षेत्र में पूर्व में गोमती नदी के आसपास 108 पाण्डव कालीन शिवलिंग स्थापित किये गए थे, जिनमे से लगभग 25 मंदिर वर्तमान में अभी भी है आज आवश्यकता है कि, हम सभी सामुहिक रूप से इस अभियान में जुड़े और अपने गौरवशाली अतीत को पुनः स्थापित करें,इसके लिए पूरे मार्ग व मंदिरों का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है तथा आगामी 18, 19 नवंबर2026 को बृहद स्तर पर इस पार्थपथ पर हरिशंकरी का रोपण किया जायेगा, तथा पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण आदि का संकल्प लिया जायेगा,
विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह एड ने अपने सम्बोधन में सभी लोगों को इस पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए कहा, उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र का गौरवशाली इतिहास रहा है और इस पार्थपथ को पुनः सुंदर स्वरूप देने का कार्य हम सभी मिलकर करें, लोक भारती द्वारा शुरू किए गए इस पुनीत कार्य में हम पूरा सहयोग करेंगे,
निरीक्षण टोली में मुख्य रूप से विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह एड0, लोक भारती अवध प्रान्त सह संयोजक अतुल रस्तोगी, लोक भारती सह जिला संयोजक बृजेश कुमार सिंह, ब्रज प्रान्त नदी संरक्षण प्रमुख सजंय त्रिपाठी,लोक भारती शाहजहांपुर के जिला संयोजक लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, सुआलाल अवस्थी, तांत्रिक शिवमठ के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा, पुजारी पँ0 रामशंकर मिश्रा, विधानसभा संयोजक सुशील त्रिवेदी, पँ0 अम्बरीष मिश्रा, गोपाल मोहन रस्तोगी, जिला पंचायत सदस्य नंन्हे लाल पासी, रामसहारे शुक्ला, भूरे सिंह चौहान, आदि उपस्थित रहे।

राजेंद्र कुमार लोधी ने भाजपा पर साधा निशाना, बोले-2027 में बनेगी PDA सरकार

परिवर्तन लाएंगे, लोकतंत्र बचाएंगे के नारे के साथ सपा कार्यकताओं में भरा जोश...

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो...
उन्नाव / पुरवा। पुरवा विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र कुमार लोधी ने मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष जय चंद्रविमल का पुरवा विधानसभा में जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आयोजित कार्यकर्ता बैठक में उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला।
बैठक को संबोधित करते हुए राजेंद्र लोधी ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में विकास पूरी तरह ठप पड़ा है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है, जिससे आम जनता त्रस्त है। सरकार केवल वादे कर रही है, धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा है।



उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही प्रदेश में विकास को नई गति दे सकती है। अखिलेश यादव के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि सपा सरकार में ही किसानों, नौजवानों और पिछड़े वर्गों का वास्तविक भला हुआ था।
कार्यकताओं में जोश भरते हुए उन्होंने नारा दिया - "परिवर्तन लाएंगे, लोकतंत्र बचाएंगे - वोट चोर, गद्दी छोड़" और दावा किया कि 2027 में उत्तर प्रदेश में PDA की सरकार बनना तय है।
अंत में उन्होंने सभी कार्यकताओं से अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाने और बूथ स्तर तक पार्टी संगठन को मजबूत करने की अपील की।
सपा जिलाध्यक्ष के स्वागत के दौरान समाजसेवी वीरेंद्र शुक्ला के साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मोहम्मदी पुलिस ने पांच वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



सूर्योदय भास्कर संबाददाता मोहम्मदी, खीरी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में चलाए जा रहे वारंटी गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना मोहम्मदी पुलिस ने मंगलवार को पांच वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में अमृतलाल, संजय, शिवा, शिवकुमार और रामसनेही शामिल हैं। पुलिस ने सभी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की।
गिरफ्तारी करने वाली टीम में कस्बा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह सहित उपनिरीक्षक शिवबहादुर सिंह, रामचंद्र सिंह एवं पुलिसकर्मी शामिल रहे।

सफीपुर बस स्टॉप के पास कार चालक को आया अटैक,अनियंत्रित होकर लोडर से टकराई कार





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो...
उन्नाव /सफीपुर कस्बे में बस स्टॉप और धर्मशाला के सामने एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। मिली जानकारी के अनुसार, कार चलाते समय अचानक चालक की तबीयत बिगड़ गई और उसे अटैक आ गया। इसके चलते कार अनियंत्रित होकर सामने खड़े एक लोडर वाहन में जा घुसी।
टक्कर होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद राहगीरों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई और सभी बाल-बाल बच गए।
स्थानीय राहगीरों और प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल सूझबूझ दिखाते हुए कार चालक को संभाला और इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद मौके पर कुछ समय के लिए जाम जैसी स्थिति बन गई, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से सामान्य कराया गया।

त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने चलाया विशेष अभियान

: नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत खाद्य पदार्थों व मिठाइयों के 22 नमूने किए संगृहीत

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा
महोबा। त्योहारों के मद्देनजर विशेषकर दीपावली त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने आमजन मानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए उद्देश्य से नगर पालिका क्षेत्र महोबा में विशेष अभियान चलाया।अभियान में राजस्थानी स्वीट हाउस के यहां से दूध की बर्फी, प्राइवेट बस स्टैंड के पास से गुलाब जामुन,कीरत सागर स्थित लड्डू गोपाल स्वीट हाउस से बेसन का लड्डू,खोया मंडी सुभाष चौकी महोबा स्थित किराने की





दुकान से बेसन का नमूना जांच हेतु संगृहीत किया।सचल दल टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्रकांत बाजपेई,खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा,मनोज कुमार एवं राम लखन कुशवाहा सम्मिलित रहे।टीम में बताया कि दीपावली तक उक्त अभियान निरंतर जारी रहेगा।इस अभियान में अभी तक विभिन्न बाजारों से खाद्य पदार्थों एवं मिठाईयों के 22 नमूने संग्रहित किये गए है।

गौरी गांव में चल रही शिवदीप महा शिवपुराण कथा के पांचवे दिन उमड़ा जनसैलाब

संकल्प के साथ कार्य करने से मिलता है लक्ष्य- पंडित प्रदीप मिश्रा..








सूर्योदय भास्कर ब्यूरो....
उन्नाव /बीघापुर तहसील क्षेत्र के गांव गौरी में गंगा तट पर चल रही शिवदीप महा शिवपुराण कथा के पांचवे दिन कथा व्यास पंडित प्रदीप मिश्रा (सिहोर वाले) ने कहा कि संकल्प के साथ कार्य करने से मनचाहे लक्ष्य की प्राप्ति होती है और संकल्प ही शिव है।
उन्होंने कहा कि शिव पुराण कहती है जब मन, बुद्धि और चित्त अस्थिर हो जाए तो मन को शिव भक्ति की ओर ले जाना चाहिए। शिव की कृपा के बिना संपूर्ण जीवन अधूरा है। संसार सागर में जन्म लेने के बाद शिव की शरणागति से ही मुक्ति मिलती है।
पंडित मिश्रा ने कहा कि महा शिवपुराण कहती है कि भगवान राम, कृष्ण व नारायण का नाम जप करने से भगवान शिव उसे लेने आते हैं और जो शिव का जाप करता है उसे गरुड़ लेने आते हैं। शिव का कोई भी नाम लो, कोई मंत्र जपो उसकी कोई संख्या निर्धारित नहीं है। अगर कोई शिव का एक बार भी नाम ले लेता है तो उसके शरीर के साढ़े 3 करोड़ छिद्रों में समाहित हो जाता है और वह शिव को प्राप्त कर लेता है।
हनुमान जी का जन्म मां अंजना के घर शिव की कृपा से ही हुआ था। कथा के दौरान उन्होंने बनारस की शिव भक्त नर्तकी रहनू का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि एक बार काशी के आचार्यों ने प्रदोष काल से दूसरे दिन के प्रदोष काल तक मंदिर में दीप जलाने का आह्वान किया। सभी बाबा के दरबार में दीपक जलाने गए, वह नर्तकी भी गई पर किसी ने उसे मंदिर में दीपक जलाने नहीं दिया तो उसने दुखी होकर मंदिर के बाहर दीप जला दिया। रात में आंधी आई और सबके दीप बुझ गए पर उसका दीप नहीं बुझा, यह उसकी शिव भक्ति का प्रतिफल था। उन्होंने कहा कि शिव जब करुणा करते हैं तो यह नहीं विचार करते कि किसको कितना देना है, वह तो औघड़ दानी हैं। गर्भस्थ मां अगर शिव का नाम सुनती है तो वह पुत्र साधारण नहीं होता। विपल-उत्पल का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि पराई स्त्री व पराया धन व्यक्ति को बर्बाद कर देते हैं। इन्हें देखो पर तको मत। उन्होंने कहा कि बैसवारे का गंगा तट और मां चंडिका देवी की गोद में हमें आनंद की प्राप्ति हो रही है। उन्नाव वासियों का सौभाग्य है कि उन्हें कार्तिक मास में महा शिवपुराण सुनने का अवसर मिल रहा है। सावन, माघ, कार्तिक, बैसाख में प्रदोष काल से प्रदोष काल तक दीपक जलाने से सभी मनोकामनाएं बाबा पूरी करते हैं। दुनिया में किसी अन्य देवता को बाबा नहीं कहा गया, पर शिव को बाबा इसलिए कहा गया कि बाबा की गोद में बच्चे को जो सुख मिलता है वह किसी गोद में नहीं मिलता।
पांचवे दिन जिलाधिकारी घनश्याम मीना, एसपी जय प्रकाश सिंह, सांसद मनोज तिवारी, विधायक राजा भैया, एमएलसी अभय सिंह, विधायक अभिजीत सिंह सांगा, शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल, हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी आदि ने व्यास पीठ का आशीर्वाद लिया।!!

उमा देवी चिल्ड्रेंस एकेडमी में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया ग्रैंडपेरेंट्स डे, मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

सूर्योदय भास्कर संबाददाता मोहम्मदी खीरी। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान उमा देवी चिल्ड्रेंस एकेडमी में ग्रैंडपेरेंट्स डे का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दादा-दादी एवं नाना-नानी के प्रति प्रेम, आदर और कृतज्ञता की भावना व्यक्त करने के साथ-साथ नई एवं पुरानी पीढ़ी के बीच भावनात्मक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाना रहा।
कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज से पधारीं सुश्री अनुराधा बहन सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मास्टर अर्नव दिनकर के दादा श्री लाल वीर दिनकर एवं दादी श्रीमती कौशल्या दिनकर, मास्टर अयांश श्रीवास्तव के दादा श्री कौशल किशोर श्रीवास्तव तथा मास्टर गुरफतेह की दादी श्रीमती बलविंदर कौर उपस्थित रहीं।
समारोह का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पुष्पा गुप्ता एवं चेयरमैन श्री अनिल गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की रंगारंग एवं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। बच्चों ने स्वागत गीत, गणेश वंदना, समूह नृत्य, नाटक, गायन एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटकों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इन नाटकों के माध्यम से प्रेम, पारिवारिक एकता, आपसी समझ, जीवन मूल्यों एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया।
समारोह में उस समय विशेष उत्साह देखने को मिला, जब बच्चों ने 70 एवं 80 के दशक के सदाबहार लोकप्रिय गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित दादा-दादी एवं नाना-नानी को पुरानी यादों के सुनहरे दौर में पहुंचा दिया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त रैंप वॉक के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व एवं मंचीय कौशल का परिचय दिया।
कार्यक्रम को और अधिक मनोरंजक एवं यादगार बनाने के लिए दादा-दादी एवं नाना-नानी के लिए विशेष खेलों और गतिविधियों का आयोजन किया गया। गीत पहचानने की प्रतियोगिता, ब्लाइंडफोल्ड कपल गेम तथा विभिन्न फन गेम्स में बुजुर्गों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इन गतिविधियों ने बच्चों एवं उनके दादा-दादी-नाना-नानी के बीच आत्मीयता और अपनत्व के भाव को और मजबूत किया।
इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पुष्पा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि दादा-दादी एवं नाना-नानी किसी भी परिवार की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनके अनुभव, संस्कार, स्नेह और जीवन से प्राप्त सीख बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन बच्चों में अपने बड़ों के प्रति आदर, सम्मान, संवेदनशीलता एवं पारिवारिक मूल्यों को आत्मसात करने की भावना विकसित करते हैं।
विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सनी गुप्ता ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रैंडपेरेंट्स डे जैसे आयोजन बच्चों को पारिवारिक रिश्तों की अहमियत समझाने तथा अपने बुजुर्गों के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता का भाव विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का स्नेह, अनुभव और आशीर्वाद बच्चों के जीवन की अमूल्य पूंजी है। विद्यालय भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार एवं सामाजिक मूल्यों के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।
कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली संचालन मिस अलमास अमीन एवं श्री मोहित मिश्र ने किया। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों, दादा-दादी, नाना-नानी एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।
समग्र रूप से यह समारोह प्रेम, सम्मान, संस्कार और पीढ़ियों के बीच अटूट रिश्तों का अनुपम उत्सव साबित हुआ। बच्चों की प्रतिभा, बुजुर्गों का उत्साह और परिवारों की आत्मीय सहभागिता ने इस आयोजन को सभी के लिए अविस्मरणीय बना दिया।



सन्दिग्ध अवस्था में 01 वर्षीय बच्ची की मौत,कारण जानने में जुटी पुलिस

हत्या किए जाने की आशंका,भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा चरखारी। कस्बा चरखारी के मोहल्ला चितेपुरा में एक वर्षीय बच्ची की मौत और उसके बाद हत्या किए जाने की चर्चा के बीच भारी संख्या में पुलिस बल घटना स्थल पर मौजूद है और घटना के सम्बन्ध में परिजनों से पूँछ ताछ जारी है।कस्बा के मोहल्ला चिन्तेपुरा में महिला पुलिस चौकी के बगल के मकान में ही 01 वर्षीय बच्ची आराध्य का शव मिलने से मोहल्ला और कस्बा में सनसनी फैल गई। घर के ही अंदर बच्ची का शव देख मामा दीपक ने महिला थाना में सूचना दी और सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राहुल मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे जहां तखत पे बच्ची का शव मिला और कमरे में ही बच्ची की मां पूजा बैठी मिली और तमाम पूंछ ताछ के बाद भी मां पूजा एक शब्द नहीं बोल रही है, जिसे लोग डिप्रेशन का मरीज भी बता रहे हैं।मृतक बच्ची के मामा ने बताया कि वो और उसकी मां मजदूरी कर करीब 7 बजे घर पहुंचे तो बच्ची मृत पाई गई तथा बच्ची के शरीर में चोट के निशान भी देखे गए।मामा दीपक ने बताया कि बहिन की शादी बघारी नौगांव में हुई थी जिसके 5 लड़कियां है जिसमें एक लड़की परी की 13 वर्ष में मौत हो चुकी थी। वर्तमान में माँ के साथ गुंजन 10वर्ष,काव्या 6 वर्ष,अव्या 3 वर्ष और आराध्य 1 वर्ष अपने मायके में ही रहती थी। दीपक ने बताया कि पति रमेश करीब 30 वर्ष से दिल्ली में प्लंबर का काम करता है और 6 माह पूर्व वह बहिन पूजा को मय बच्चों के मायके में छोड़ गया था।दीपक ने बताया कि पति द्वारा साथ में न रखने से डिप्रेशन का शिकार थी। बच्ची की मौत के बाद मुहल्ले में तरह तरह की चचाएं हो रही है। थानाध्यक्ष राहुल मिश्रा ने बताया कि बच्ची की मौत का मामला संदिग्ध है तथा कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।बच्ची के पोस्टमार्टम के बाद ही सही स्थिति का पता चल सकता है।

उन्नाव से लखनऊ पदयात्रा के लिए उमड़ा जनसैलाब, 'लोकतंत्र बचाओ' के नारों से गूंजा जिला कार्यालय



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो....

उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर लखनऊ में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अवध क्षेत्र की विशाल पदयात्रा के लिए उन्नाव जनपद से कार्यकताओं का ऐतिहासिक हुजूम रवाना हुआ। मंगलवार सुबह से ही जनपद के कोने-कोने से पार्टी कार्यकर्ता और आम जनता भाजपा जिला कार्यालय पर जुटने लगे। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर सभी कार्यकताओं का भव्य एकत्रीकरण हुआ। भारत माता की जय और 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के गगनभेदी नारों के साथ कार्यकताओं ने लखनऊ के लिए प्रस्थान किया।

जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के समन्वय में जनपद की सभी विधानसभाओं से स्थानीय विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र के काफिले का नेतृत्व किया। उन्नाव सदर से विधायक पंकज गुप्ता, बाँगरमऊ से विधायक श्रीकांत कटियार, सफीपुर से विधायक बम्बा लाल दिवाकर, मोहान से विधायक आशुतोष शुक्ला और पुरवा से विधायक अनिल सिंह (पुरवा व भगवंतनगर क्षेत्र) की अगुवाई में हजारों कार्यकताओं के काफिले लखनऊ रवाना हुए।

उन्नाव से रवाना हुआ यह विशाल काफिला लखनऊ में लोक भवन से परिवर्तन चौक तक आयोजित मुख्य पदयात्रा में शामिल हुआ। पदयात्रा को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कठ.ऊकअ. गठबंधन अपनी राजनीतिक विफलताओं और चुनावी हार से हताश होकर देश में अशांति और अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहा है। बार-बार चुनाव हारने के बाद अपनी गलतियों को सुधारने के बजाय कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियां जनता को गुमराह कर रही हैं और संवैधानिक संस्थाओं पर मनगढ़ंत आरोप लगा रही हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा का यह अभियान देश के लोकतंत्र की रक्षा, सुशासन और विकास के संकल्प को जनता तक पहुंचाने की एक मजबूत मुहिम है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत कई वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सदर विधायक राकेश गोस्वामी की पहल लाई रंग

प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न



विकास भवन सभागार में जिपंअ जे0पी0 अनुरागी सहित जनपद के समस्त जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा महोबा। राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश सरकार मनोहर लाल (मन्नू कोरी) की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री जी ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक से पूर्व मा० मंत्री जी द्वारा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैकाना, कान्हा गौशाला, जिला लाइब्रेरी तथा गोरखगिरि में निमार्णाधीन म्यूजिकल रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार एवं निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मा० मंत्री जी ने कहा कि जनपद में संचालित सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूर्ण कराया जाए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा विभागीय स्तर पर पाई जाने वाली कमियों को तत्काल दूर किया जाए।उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी किसान को खाद की कमी का सामना न करना पड़े।कुलपहाड़ स्थित बीज वितरण केंद्र से संबंधित समस्याओं का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना,पर्यटन विभाग,सड़क एवं आधारभूत सुविधाओं,जल जीवन मिशन, विद्युत व्यवस्था, सोलर लाइट, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, गौशालाओं एवं ग्रामीण स्वच्छता, कानून व्यवस्था सहित मा० मंत्री जी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समीक्षा बैठक में संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ही प्रतिभाग करें तथा दिए गए निदेर्शों का समयबद्ध एवं प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रभाष कुमार, पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा,जिला पंचायत अध्यक्ष जे०पी० अनुरागी, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार,अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) इंद्र नंदन सिंह, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) सूर्यकान्त त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में रोजगार मेला व कैरियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन

›› कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपंअ जे0पी0 अनुरागी रहे उपस्थित

›› जिला सेवा योजना कार्यालय के तत्वाधान में विभिन्न कंपनियों के चयनित अभ्यर्थियों को बांटे गए प्रमाण पत्र



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा महोबा। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय महोबा में जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार मेला व कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया।उक्त आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी तथा विशिष्ट अतिथि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य रहे।जिला सेवा योजन अधिकारी सुश्री आकांक्षा बाजपेई ने कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं का कुशल संचालन किया।उक्त आयोजित मेले में कुल 06 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग कर योग्य युवाओं का चयन किया गया।मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने रोजगार मेले में उपस्थित रहकर विभिन्न कंपनियों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।इसके साथ ही विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का मन मोह लिया।साथ ही 1 नवंबर से दिनांक 15 नवंबर 2026 तक भगवान बिरसा मुंडा जी की स्मृति में चलने वाले जनजाति दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में चयनित छात्र छात्राओं को वाद्य वादन,कविता लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी,जिला सेवायोजन अधिकारी कु० आकांक्षा बाजपेई, नवोदय विद्यालय की प्रधानाचार्य श्री मति वंदीता श्रीवास्तव, कमलेश जी, प्रवक्ता,आई०टी०आई० के प्रधानाचार्य,क्षेत्रीय सेवा योजना अधिकारी,जवाहर नवोदय विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने विभिन्न कंपनियों में चयनित सभी रोजगार युवक युवतियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की।

उन्नाव में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह की बड़ी कार्रवाई



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो.....

उन्नाव। जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत पुरवा तहसील क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई।

जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र ने बताया कि आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह के नेतृत्व में लालाखेड़ा और गुलरिहा गांव में छापेमारी की गई। कार्रवाई में स्थानीय पुलिस टीम को भी शामिल किया गया था।

छापेमारी के दौरान मौके से 32 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई, जबकि शराब बनाने के लिए रखा गया करीब 300 किलो महुआ लहन मौके पर ही नष्ट करा दिया गया।

32 लीटर कच्ची शराब बरामद, 300 किलो लहन नष्ट...

आबकारी विभाग ने बरामद शराब के मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। अधिकारियों ने कहा कि जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

अखाड़े की जमीन पर कब्जा व महंत पर नशा कराने का आरोप,पहलवानों ने थाना प्रभारी को सौंपा शिकायत पत्र


सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ हापुड़



हापुड़। स्वर्ग आश्रम रोड स्थित चौराखी क्षेत्र के पुराने अखाड़े को लेकर विवाद सामने आया है। अखाड़े से जुड़े पहलवानों ने मंदिर परिसर में कथित रूप से नशे का कारोबार होने, अखाड़े की जमीन पर कब्जे का प्रयास करने और विरोध करने पर परेशान करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पहलवानों का आरोप है कि मंदिर के कथित महंत विनय गिरि द्वारा परिसर में नशेड़ियों को बुलाया जाता है तथा नशीले पदार्थों का सेवन और बिक्री कराई जाती है। विरोध करने पर पहलवानों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता अभिषेक वर्मा ने बताया कि स्वर्ग आश्रम रोड स्थित बाबा नथूनाथ व्यायामशाला आजादी से पहले से पंजीकृत है, जहां वर्षों से पहलवान कुश्ती और व्यायाम का अभ्यास करते आ रहे हैं।

इस मामले में 3 नवंबर 2026 को पहलवानों ने थाना हापुड़ देहात प्रभारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच, आरोपों पर कार्रवाई और अखाड़े की जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। पुलिस जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

डॉ. जितेन्द्र कुमार जीत की नई कृति हाशिए की चेतना अमेजन पर उपलब्ध



डॉ. जितेंद्र कुमार 'जीत', सहायक आचार्य व कवि, अलीगढ़/हापुड़

बुद्ध से कांशीराम तक की वैचारिक यात्रा को कविताओं में किया प्रस्तुत

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ हापुड़

हापुड़। कविनगर निवासी लेखक, गीतकार एवं गजलकार डॉ. जितेन्द्र कुमार जीत की नई कृति हाशिए की चेतना : बुद्ध से कांशीराम तक पाठकों के लिए उपलब्ध हो गई है। डॉ. जितेन्द्र धर्म समाज कॉलेज, अलीगढ़ के शिक्षक-शिक्षा विभाग में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत हैं। सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और मानवीय गरिमा पर आधारित इस वैचारिक काव्य संकलन को अमेजन किंडल पर प्रकाशित किया गया है।

इस पुस्तक में भगवान बुद्ध से लेकर महात्मा ज्योतिबा फुले, माता सावित्रीबाई फुले, राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज, डॉ. भीमराव आंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के जीवन संघर्ष, विचारों एवं सामाजिक योगदान को कविताओं और गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इसमें सामाजिक न्याय, शिक्षा, आत्मसम्मान, समता और सामाजिक परिवर्तन जैसे विषय प्रमुख हैं। डॉ. जितेन्द्र कुमार ह्यजीतह्ल की पूर्व प्रकाशित काव्य कृतियों में ह्यएहसास... जीत काह्ल और ह्यअनुभूतिह्ल शामिल हैं। वह साहित्यिक पत्रिका ह्ववातार्लापह्ल के संपादन से भी जुड़े रहे हैं। इस नई कृति का उद्देश्य महापुरुषों की विचारधारा और संघर्ष की परंपरा को साहित्य के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।

आईजीआरएस रैंकिंग में हापुड़ ने प्रदेश में हासिल किया सातवां स्थान, मेरठ मंडल में रहा अव्वल- डीएम, हापुड़

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ हापुड़



हापुड़। जनशिकायतों के निस्तारण में जनपद हापुड़ ने एक बार फिर अपनी स्थिति मजबूत की है। अक्टूबर 2026 की आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) रैंकिंग में हापुड़ ने प्रदेश के 75 जनपदों में सातवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं मेरठ मंडल में जनपद को प्रथम स्थान मिला है। यह उपलब्धि शासन के जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आधार पर हासिल हुई है।

जिलाधिकारी कविता मीना ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इसमें सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने निर्देश दिए कि जनशिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारी निर्धारित समयसीमा के भीतर शिकायतों का निस्तारण करें और किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें। साथ ही शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना भी सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी कविता मीना ने जनपदवासियों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए शासन के आईजीआरएस पोर्टल http://igrs.up.gov.iN अथवा जनसुनवाई ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत पर की गई कार्रवाई की जानकारी आवेदक को एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। इस उपलब्धि पर मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार सहित जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

5 हजार की रिश्वत लेते ग्राम विकास अधिकारी को मेरठ एंटी करप्शन टीम ने किया गिरफ्तार

परिवार रजिस्टर की नकल देने के नाम पर मांगे थे 20 हजार रुपये



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ हापुड़

**२मेरठ एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार को हापुड़ ब्लॉक कार्यालय में कार्रवाई करते हुए ग्राम विकास अधिकारी सुशील खारी को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर परिवार रजिस्टर की नकल उपलब्ध कराने के नाम पर 20 हजार रुपये मांगने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, कपूरपुर क्षेत्र के गांव सालेपुर कोटला निवासी सलमान राणा ने अपनी बहन रुकसाना का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए परिवार रजिस्टर की नकल मांगी थी। आरोप है कि इसके बदले अधिकारी ने 20 हजार रुपये की मांग की थी। परेशान होकर सलमान ने 30 अक्टूबर को मेरठ एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। शिकायत पर टीम ने मंगलवार को मोदीनगर रोड स्थित हापुड़ ब्लॉक कार्यालय में जाल बिछाया। जैसे ही सलमान ने पांच हजार रुपये दिए, टीम ने अधिकारी को रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी को नगर कोतवाली ले जाया गया, जहां उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। घटना से ब्लॉक कार्यालय में हड़कंप मच गया।

सृजल राठौर ने झांसी में जीता कांस्य पदक, राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयनित

23 से 25 नवंबर तक वडोदरा में दिखाएंगे दमखम ,पुरुष एकल क्लास-10 वर्ग में करेंगे प्रतिभाग

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो ललितपुर। जनपद के प्रतिभाशाली पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी सृजल राठौर ने झांसी में आयोजित टेबल टेनिस इंटर-कॉलेजिएट टूर्नामेंट-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। दो नवंबर को राजगढ़ स्थित शारदा देवी डिग्री कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में उन्होंने तृतीय स्थान प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर उन्हें मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सृजल की एक और बड़ी उपलब्धि यह है कि उनका चयन द्वितीय राष्ट्रीय पैरा टेबल टेनिस रैंकिंग चैंपियनशिप 2026-27 के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 23 से 25 नवंबर तक गुजरात के वडोदरा स्थित एसएएमए इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। इसमें वह पुरुष एकल क्लास-10 वर्ग में प्रतिभाग करेंगे। इससे पहले भी सृजल लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश पैरा टेबल टेनिस स्टेट चैंपियनशिप में शीर्ष तीन खिलाड़ियों में स्थान बना चुके हैं। सिविल लाइंस स्थित चैका बाग निवासी सृजल, संतोष राठौर के पुत्र हैं। साधारण परिवार से आने वाले सृजल का सपना पैरालंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश के लिए पदक जीतना है। झांसी में पदक जीतने और राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर परिजनों, शुभचिंतकों एवं खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी।

भाजपा से ज्यादा झूठी कोई पार्टी नहीं : प्रमोद तिवारी

सांसद ने बताया रामलीला मैदान की रैली आजादी के बाद सबसे सफल

नई दिल्ली, । इंडिया गठबंधन की रामलीला मैदान में हुई रैली को भाजपा द्वारा 'फ्लॉप शो' बताए जाने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भाजपा पर झूठ फैलाने और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

प्रमोद तिवारी ने कहा, 'इसीलिए मैं कहता हूं कि भाजपा से ज्यादा झूठ बोलने वाली, गुमराह करने वाली और बेशर्म पार्टी कोई दूसरी नहीं है। मीडिया ने भी लाइव दिखाया है कि मैदान में जितने लोग मौजूद थे, उससे दोगुने लोग बाहर थे। जब राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के सभी नेता चल रहे थे, तो दोनों तरफ की सड़कें लोगों से भरी हुई थीं।'

उन्होंने कहा कि आज विरोधी भी यह स्वीकार कर रहे हैं कि रैली जबरदस्त रूप से सफल रही। आम जनता से पूछा जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी। सबकी आंखों के सामने हुई ऐतिहासिक रैली को फ्लॉप बताना हास्यास्पद है।



प्रमोद तिवारी ने कहा, 'हम तो कहते हैं कि यह आजादी के बाद की सबसे सफल रैली थी, जो आज तक कभी नहीं हुई। मेरी अपील है कि रैली में आई संख्या पर मत जाइए, वहां मौजूद जज्बे पर जाइए। वहां एक ही संकल्प था कि अब भाजपा जैसी भ्रष्ट और लोकतंत्र की हत्या करने वाली पार्टी को हटाना है और संविधान को मानने वाली पार्टी को सत्ता में लाना है।'

ज्ञानेश कुमार तो सिर्फ कठपुतली हैं, डोर कोई और खींच रहा है: अरविंद सावंत

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद अरविंद सावंत ने रामलीला मैदान में हुई इंडिया ब्लॉक की रैली को ऐतिहासिक बताते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले 25-30 साल में दिल्ली में इतनी बड़ी रैली नहीं देखी। इसके साथ ही उन्होंने मुंबई पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्दी पहनते हैं तो गुलाम मत बनिए, सभी को संविधान ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार दिया है।

'मैं कहता हूं कि भाजपा से ज्यादा झूठ बोलने वाली, गुमराह करने वाली और बेशर्म पार्टी कोई दूसरी नहीं है। मीडिया ने भी लाइव दिखाया है कि मैदान में जितने लोग मौजूद थे, उससे दोगुने लोग बाहर थे : प्रमोद तिवारी, राज्यसभा सांसद

'रैली में उमड़ी भीड़ को देख नहीं पा रही भाजपा' : एसटी हसन

समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने इंडिया गठबंधन की रैली को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की टिप्पणी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि रैली में भारी भीड़ मौजूद थी और मैदान में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। हसन ने आरोप लगाया कि रैली के बाद जनता का रुख देखकर सत्तारूढ़ दल इस तरह की बातें कर रहे हैं। एसटी हसन ने कहा कि केशव प्रसाद मौर्य रैली को फ्लॉप बताएंगे ही। रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे और पूरे मैदान में लोगों की भीड़ दिखाई दे रही थी। विपक्ष की ओर से जनता तक एक संदेश पहुंचाने का प्रयास किया गया था और उसका मकसद पूरा हो गया।

रामलीला मैदान की रैली बदलाव की आवाज, देश चाहता है परिवर्तन : सपा



नई दिल्ली। दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडी गठबंधन की रैली के बाद देश की सियासत में बयानबाजी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं ने रैली को ऐतिहासिक बताते हुए इसे देश में बदलाव की आवाज बताया है। वहीं, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बयानों पर भी सपा नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने रामलीला मैदान में हुई रैली को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इसमें उमड़ी भीड़ किसी एक पार्टी, व्यक्ति या समाज के किसी विशेष वर्ग की नहीं थी, बल्कि यह पूरे देश और आम लोगों की आवाज थी। यह भीड़ बदलाव की आवाज बनकर रामलीला मैदान पहुंची थी। रैली किसी के खिलाफ या किसी को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित नहीं की गई थी, बल्कि यह एक विशाल जनसभा में तब्दील हो गई।

दीपावली पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, चाय-पनीर और बर्फी के नमूने भरे

तालबेहट में पांच किलो दूषित छेना रसगुल्ला कराया नष्ट फूड सेफ्टी ऑन व्हील से मिठाइयों की मौके पर हुई जांच



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

ललितपुर। दीपावली पर्व के मद्देनजर मिलावटी एवं दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को जिले में विशेष अभियान चलाया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर विभागीय टीम ने मुख्यालय के अलावा बांसी और तालबेहट क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टीम ने इस दौरान चाय, पनीर और बर्फी के नमूने संग्रहीत किए, जबकि तालबेहट में करीब पांच किलोग्राम दूषित छेना रसगुल्ला नष्ट कराए जाने की जानकारी दी गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सबसे पहले झांसी रोड स्थित ऑफिसर कॉलोनी के पास निरंजन टी स्टाल का निरीक्षण किया। यहां से चाय का नमूना संग्रहित किया गया। इसके बाद टीम तालबेहट पहुंची, जहां गरीबे स्वीट प्रतिष्ठान से पनीर तथा सुमंगलम स्वीट के यहां से बर्फी का नमूना लिया गया। निरीक्षण के दौरान तालबेहट स्थित प्रतिष्ठान पर लगभग पांच किलोग्राम दूषित छेना रसगुल्ला पाया गया, जिसे टीम ने मौके पर ही नष्ट कराया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों को साफ-सफाई बनाए रखने तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। अभियान के तहत विभाग की फूड सेफ्टी ऑन व्हील टीम ने बांसी और तालबेहट में विभिन्न मिठाई की दुकानों पर पहुंचकर कई प्रकार की मिठाइयों की मौके पर जांच की। इस दौरान दुकानदारों एवं उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थों की शुद्धता, गुणवत्ता और सुरक्षित खानपान के प्रति जागरूक भी किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि संग्रहित नमूनों को जांच के लिए भेजा जाएगा। टीम अधिकारियों ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय विनोद कुमार शर्मा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएस निरंजन एवं नागेंद्र कुमार शामिल रहे। विभाग ने स्पष्ट किया कि दीपावली पर्व के दौरान मिलावटखोरी रोकने और आमजन को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

सार संक्षेप

टीआरएस प्रमुख ने चुनाव आयोग से की मुलाकात, ग्रेजुएट वोटर रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग

हैदराबाद। तेलंगाना रक्षण सेना (टीआरएस) की प्रमुख और पूर्व एमएलसी के. कविता ने सोमवार को हैदराबाद में राज्य चुनाव आयोग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एमएलसी ग्रेजुएट वोटर रजिस्ट्रेशन, पार्टी रजिस्ट्रेशन से जुड़े लंबित मामलों और एमएलसी चुनाव की तैयारियों को लेकर अपनी बात रखी। चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद आईएएनएस से बात करते हुए के. कविता ने कहा कि यह एमएलसी चुनाव तेलंगाना के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उनकी पार्टी ने एमएलसी चुनाव के लिए अपने दो उम्मीदवारों के नाम पहले ही घोषित कर दिए हैं। उन्होंने कहा, 'यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भौगोलिक दृष्टि से देखें तो तेलंगाना के लगभग 75 प्रतिशत क्षेत्र में इस चुनाव की प्रक्रिया होने वाली है।

फिरहाद हकीम व सोवन चटर्जी जैसे कई टीएमसी नेताओं का केएमसी चुनाव लड़ने से इनकार

कोलकाता। कोलकाता म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (केएमसी) में तृणमूल कांग्रेस के कई पुराने काउंसलरों ने दिसंबर में होने वाला सिविक बॉडी चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। पूर्व मेयर फिरहाद हकीम और सोवन चटर्जी जैसे कई टीएमसी नेताओं ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

वेदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने...

दरअसल पेपर लीक के बाद वोट चोरी व एसआईआर के मुद्दे पर दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है। आरोप है कि विपक्षी दल देश में अराजकता फैला कर रिजीम चेंज यानी तख्तापलट करना चाहते हैं। वे विपक्षी नेताओं पर देश विरोधी होने का आरोप भी लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री अपने उसी भाषण में कहा था कि पुदूर इलाकों में तो नक्सलवाद खत्म हो गया है, लेकिन दिमागी नक्सल का खतरा अभी भी बना हुआ है। इन दिनों भाजपा व विपक्ष के बीच वाकयुद्ध काफी तीखा हो चुका है। भाजपा ने विपक्ष पर यह आरोप भी लगाया कि विपक्ष ने अपने दिल्ली चलो मार्च की तिथि जानबूझ कर एक नवम्बर इसलिए रखी, क्योंकि इसी तारीख पे सन 1984 में सिख विरोधी दंगे शुरू हुए थे। राहुल बुधवार को पंजाब से संगरूर जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि इस कार्यक्रम में भी वे भाजपा के हर हमले का जवाब देंगे। साथ ही वे वोट चोरी व एसआईआर का मुद्दा भी उठा सकते हैं।

शाहदरा पुलिस तबादले पर...

सोमवार के प्रदर्शन से पहले 30 अक्टूबर को पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार ने बार काउंसिल ऑफ दिल्ली और सभी जिला बार एसोसिएशनों के साथ बैठक की थी। इसमें दोनों पक्षों ने भविष्य में ऐसे विवादों से बचने के लिए संयुक्त समन्वय और शिकायत निवारण तंत्र बनाने पर सहमति जताई थी। नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे एसीपी वशिष्ठ से बात की और जवानों से कहा कि 'आप एक अनुशासित बल हैं, प्रदर्शनकारियों जैसा व्यवहार मत कीजिए।' उन्होंने सभी से अंदर आकर बात रखने का आग्रह किया। करीब साढ़े ग्यारह बजे जवानों को भीतर ले जाया गया।

लद्दाख में शराब कारोबारियों ने वांगचुक के खिलाफ खोला मोर्चा, एप्पल वाइन के व्यापार पर उठाए सवाल

जम्मू, । लद्दाख में शराब नीति को लेकर जारी विवाद अब नया मोड़ लेता दिख रहा है। शराब कारोबारियों ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उन पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है। लेह में पत्रकारों से बातचीत में कारोबारियों ने सवाल उठाया कि एक तरफ वांगचुक लद्दाख में शराब पर प्रतिबंध लगाने की मांग का समर्थन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके परिवार से जुड़ा एप्पल वाइन ब्रांड 'उले टोपो' कारोबार कर रहा है।

एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि वांगचुक और उनके परिवार से जुड़े कारोबार में 'उले टोपो' नाम से सेब की वाइन तैयार कर बेची जा रही है, जबकि इसके लिए आवश्यक कमर्शियल लाइसेंस होने पर संदेह है। कारोबारियों ने विशेष रूप से वांगचुक के भाई द्वारा संचालित उले एथनिक रिसार्ट में इसकी बिक्री का मुद्दा उठाया और प्रशासन से जांच तथा कार्रवाई की मांग की। हालांकि, लाइसेंस नहीं होने का आरोप अभी स्वतंत्र रूप से प्रमाणित नहीं हुआ है।



प्रशासन ने मांगों पर सहमति जताते हुए लिखित आश्वासन के लिए एक सप्ताह का समय मांगा

यह विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब महिला संगठनों ने शराब नीति के विरोध में आंदोलन स्थगित किया है। प्रशासन ने मांगों पर सहमति जताते हुए लिखित आश्वासन के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। गौरतलब है कि एक जून को घोषित आबकारी नीति 2026-27 में शराब की दुकानों की संख्या दो से बढ़ाकर 20 करने का प्रस्ताव था, लेकिन विरोध के बाद 26 अगस्त को इसे वापस ले लिया गया। पुरानी नीति बहाल होने के बाद प्रशासन के अनुसार पूरे लद्दाख में अब केवल एक शराब की दुकान चालू है। इसके अलावा रेस्तरां से जुड़े 50 शराब बिक्री केंद्र और दो बीयर बार संचालित हैं।

कारोबारियों ने कहा कि शराब व्यापारियों की आजीविका और निवेश को निशाना बनाने के बजाय नियम सभी पर समान रूप से लागू होने चाहिए। अब विवाद का असली सवाल यह है कि क्या प्रशासन 'उले टोपो' के लाइसेंस और उत्पादन की जांच कर आरोपों की सच्चाई सार्वजनिक करेगा।

'राहुल गांधी मॉक पार्लियामेंट में ही प्रधानमंत्री बन सकते हैं': अमित शाह



हैदराबाद, । इंडिया गठबंधन की दिल्ली रैली के बाद अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस की दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई रैली के बाद भाजपा राजधानी दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल से लेकर हैदराबाद तक 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत ताबड़तोड़ पदयात्राएं निकाल रही है। इस क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को हैदराबाद में पदयात्रा निकाली। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल उस वक्त निजाम को न झुकाते, तो हैदराबाद आज भारत का हिस्सा नहीं होता। कल दिल्ली में भी एक रैली हुई थी। वो (विपक्ष) कहते हैं कि ये वोट बचाओ रैली है, लेकिन मैं कहता हूं कि ये वोट बचाओ रैली नहीं थी बल्कि घुसपैठिया बचाओ रैली थी। कांग्रेस एसआईआर को रोककर देश की मतदाता सूची में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाना चाहती है, लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस को जितना जोर लगाना है, लगाने दो, भाजपा एक-एक घुसपैठिए को मतदाता सूची और देश से बाहर निकालकर ही दम लेगी। उन्होंने कहा कि पूरी की पूरी कांग्रेस एंड कंपनी एसआईआर को रोकने में लगी है, क्योंकि ये घुसपैठिए उनका वोट बैंक हैं, लेकिन भाजपा एसआईआर के साथ मजबूती से खड़ी है।

मध्य प्रदेश राज्यसभा चुनाव में घमासान

कांग्रेस ने हरदीप पुरी के खिलाफ राजकुमार लोहानी पर खेला दांव

भोपाल, कांग्रेस ने सोमवार को मध्य प्रदेश में राज्यसभा उपचुनाव के लिए राजकुमार लोहानी को अपना उम्मीदवार बनाया है। इससे सत्ताधारी भाजपा के साथ मुकाबला तय हो गया है। भाजपा ने इस सीट के लिए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन, जब लोहानी ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए, तो कांग्रेस विधायक और विपक्ष के उपनेता हेमंत कटारे उनके प्रस्तावक बने।

राज्य विधानसभा में नामांकन दाखिल करते समय, कांग्रेस के एक अन्य विधायक (भोपाल उत्तर) आतिफ अकील और पार्टी के कई अन्य कार्यकर्ता लोहानी के साथ मौजूद थे। हालांकि, वहां कांग्रेस का कोई भी वरिष्ठ नेता मौजूद नहीं था।

230 सदस्यों वाली मध्य प्रदेश विधानसभा में, जहां से राज्यसभा सदस्य चुने जाते हैं, भाजपा के पास स्पष्ट संख्या बल है। इसके बावजूद, कांग्रेस ने इस मुकाबले में उतरने का फैसला किया है।



भाजपा ने इस सीट के लिए केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को अपना उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने 31 अक्टूबर को मुख्यमंत्री मोहन यादव, राज्य भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन दाखिल किया।

कांग्रेस उम्मीदवार के लिए यह एक कठिन चुनौती है, लेकिन लोहानी को मैदान में उतारने के कांग्रेस के फैसले ने मुकाबले को तय कर दिया है और विपक्ष को भाजपा को राजनीतिक रूप से चुनौती देने का मौका दिया है।

जनगणना प्रशिक्षण की गुणवत्ता. व्यवस्थाओं का ईओ ने लिया जायजा

अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को भेजी रिपोर्ट

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

ललितपुर। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण को सफल, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए नगर पालिका परिषद ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सोमवार को अधिशासी अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशिक्षण में तीन कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। उनकी अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी ने कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, फील्ड ट्रेनरों द्वारा दिए जा रहे मार्गदर्शन, प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति तथा उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के लिए की गई जलपान व्यवस्था का भी अवलोकन किया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व को पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ निभाया जाना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही जानकारी को ध्यानपूर्वक समझें, ताकि मैदानी स्तर पर जनगणना का कार्य बिना किसी त्रुटि के संपन्न कराया जा सके। उन्होंने सभी संबंधित कर्मचारियों को अपने आवंटित क्षेत्रों में पूरी निष्ठा एवं सतर्कता के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि जनसंख्या स्वगणना का कार्य 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। इसके बाद जनसंख्या गणना का कार्य एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने या सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अधिशासी अधिकारी ने अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में फील्ड ट्रेनर शक्ति सिंह अहिरवार, कल्याण सिंह, आदर्श रावत, सौरभ चैरसिया, अनिल कुमार विश्वकर्मा एवं हरिश्चंद्र नामदेव ने प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना के द्वितीय चरण की प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं एवं कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जनगणना लिपिक हबीब खान एवं अमित पाराशर तथा नगर पालिका परिषद के कर्मचारी भगवान सिंह, वीरेंद्र कुमार, अभिषेक साहू एवं देवकी लाल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।




'हमारा संविधान केवल सरकार चलाने का ढांचा नहीं है, भारत की आत्मा है: बिरला

पंचकूला, (एजेंसियां)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि स्वस्थ और जीवंत लोकतंत्र में सहमति और असहमति एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

हरियाणा विधानसभा द्वारा आयोजित 'जनप्रतिनिधि सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि असहमति का स्वागत और सम्मान किया जाना चाहिए क्योंकि यह नए दृष्टिकोण लाने, प्रशासनिक खामियों को दूर करने और बेहतर शासन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि राजनीतिक, दलीय या वैचारिक मतभेदों से परे, सभी जन प्रतिनिधियों की सर्वोपरि प्रतिबद्धता राज्य और राष्ट्र की निरंतर प्रगति होनी चाहिए। बिरला ने कहा कि भारत की विविधतापूर्ण संघीय शासन प्रणाली का अस्तित्व और विकास, इसकी लोकतंत्र की दृढ़ता का वैश्विक प्रमाण है।



लोकसभा अध्यक्ष ने सांसदों से असहमति को लोकतंत्र की शक्ति के रूप में महत्व देने का किया आह्वान
बिरला ने हरियाणा विधानसभा द्वारा आयोजित 'जनप्रतिनिधि सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित

उन्होंने कहा, 'हमारा संविधान केवल सरकार चलाने का ढांचा नहीं है; यह भारत की आत्मा है, जो हमारी राष्ट्रीय चेतना और करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करती है।'

बिरला ने हरियाणा विधानसभा के वर्तमान और पूर्व सदस्यों के साथ-साथ पूर्व मंत्रियों को संबोधित करते हुए हरियाणा के छह दशकों के विकास, सामाजिक-आर्थिक दृढ़ता और विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अनेक ऐतिहासिक और प्रशासनिक चुनौतियों के बावजूद हरियाणा लगातार राष्ट्रीय प्रगति में अग्रणी रहा है।

उन्होंने देश की सीमाओं और आंतरिक सुरक्षा की रक्षा में अनुकरणीय शौर्य प्रदर्शित करने वाले हरियाणा के युवा सैनिकों की भी प्रशंसा की। अध्यक्ष ने वैश्विक खेल जगत में भारत की प्रतिष्ठा को लगातार बढ़ाने के लिए हरियाणा के खिलाड़ियों की सराहना की।

सौदा भारतीय नौसेना की और बढ़ेगी समुद्री ताकत

नौसेना को मिलेंगे 8 अत्याधुनिक युद्धपोत

(एजेंसियां)। भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए देश में आठ अत्याधुनिक अगली पीढ़ी के कॉर्वेट युद्धपोत बनाए जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने इन युद्धपोतों के निर्माण और खरीद के लिए गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) के साथ कुल 53,866.50 करोड़ रुपए के करार किए हैं।

2 नवम्बर को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में इन करारों पर हस्ताक्षर किए गए। इन अगली पीढ़ी के कॉर्वेट युद्धपोतों में आधुनिक मिसाइलों, हथियारों और सेंसर प्रणालियों से लैस अत्याधुनिक क्षमताएं होंगी। इनकी मदद से नौसेना हवा, समुद्र की सतह और समुद्र के भीतर मौजूद खतरों से निपट सकेगी। इन युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से उसकी अभियान क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। ये समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा, दुश्मन के युद्धपोतों को निशाना बनाने और पनडुब्बियों का पता लगाकर उनसे मुकाबला करने जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा ये युद्धपोत तटीय सुरक्षा मजबूत करने, समुद्र के किनारे उथले इलाकों में सैन्य अभियान चलाने और समुद्री क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने में भी मदद करेंगे। इनकी तैनाती से भारतीय नौसेना की समुद्र में मौजूदगी और निगरानी क्षमता को मजबूती मिलेगी। प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के जरिए निर्माण कंपनियों का चयन किया गया है। यह पहली ऐसी परियोजना है, जिसमें भारतीय नौसेना के स्वदेशी डिजाइन पर आधारित युद्धपोतों का निर्माण रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा किया जाएगा।



कॉर्वेट युद्धपोतों में आधुनिक मिसाइलों, हथियारों और सेंसर प्रणालियों से लैस अत्याधुनिक क्षमताएं होंगी
रक्षा मंत्रालय ने युद्धपोतों के निर्माण और खरीद के लिए जीआरएसई और जीएसएल के साथ 53,866.50 करोड़ रुपए के करार किए

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस परियोजना के तहत कोलकाता स्थित जीआरएसई पांच युद्धपोतों का निर्माण करेगा। वहीं गोवा शिपयार्ड लिमिटेड भारतीय नौसेना के लिए तीन युद्धपोत बनाएगा। खास बात यह है कि इन सभी युद्धपोतों का डिजाइन भारतीय नौसेना खुद तैयार करेगी। इनका निर्माण देश के रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम करेंगे। इस परियोजना का फायदा केवल नौसेना की युद्धक क्षमता तक सीमित नहीं रहेगा। इससे देश के स्वदेशी जहाज निर्माण उद्योग को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

परियोजना में रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के साथ निजी शिपयार्ड, भारतीय औद्योगिक साझेदारों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भी भागीदारी होगी। इससे देश में जहाज निर्माण से जुड़े उद्योगों के बीच सहयोग और तकनीकी क्षमता मजबूत होगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, अगले 10 वर्षों में इस परियोजना से रोजगार के बड़े अवसर पैदा होने की उम्मीद है। युद्धपोतों के निर्माण से शिपयार्ड में लगभग 72 लाख 'पर्सन-डे' का रोजगार मिलेगा, जबकि सहायक उद्योगों और एमएसएमई क्षेत्र में करीब 460 72 लाख 'पर्सन-डे' के रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

बीकेटी में सीलिंग की जमीन का बड़ा खेल! गाटा संख्या 810, 775 और 92 बेच डालीं? हाईकोर्ट के आदेश के बीच भू-माफियाओं की कथित चांदी!

>> समाजवादी पार्टी के नेता की भूमिका पर गंभीर आरोप, युग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का नाम भी आया सामने; आखिर किसके संरक्षण में हुआ जमीन का कारोबार?

सीलिंग की जमीन पर प्लॉटिंग से लेकर रजिस्ट्री तक सवालों के घेरे में, प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे गंभीर

सूर्योदय भास्कर प्रशांत अवस्थी

लखनऊ। राजधानी के बख्शी का तालाब क्षेत्र में सीलिंग की जमीन को लेकर ऐसा मामला सामने आया है, जिसने जमीन कारोबार से जुड़े लोगों और प्रशासनिक महकमे में हलचल पैदा कर दी है।

गाटा संख्या 810, 775 और 92 की सीलिंग भूमि की कथित खरीद-फरोख्त ने पूरे प्रकरण को गंभीर बना दिया है। आरोप है कि सीलिंग श्रेणी में दर्ज जमीन को भी बिक्री के दायरे में लाया गया और भूखंडों के कारोबार का रास्ता बनाया गया।

मामले की गंभीरता इसलिए और बढ़ जाती है क्योंकि संबंधित भूमि को लेकर माननीय उच्च न्यायालय के यथास्थिति बनाए रखने के आदेश का मामला भी सामने आया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि जब जमीन की स्थिति यथावत रखने का न्यायालयीय आदेश था, तो फिर कथित तौर पर जमीन की खरीद-फरोख्त कैसे हुई?

क्या रजिस्ट्री कराने वालों और कराने में भूमिका निभाने वालों को न्यायालय के आदेश की जानकारी नहीं थी?

समाजवादी पार्टी के नेता की भूमिका पर गंभीर सवाल

इस पूरे जमीन प्रकरण में समाजवादी पार्टी से जुड़े एक नेता की भूमिका को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि सीलिंग भूमि के कथित कारोबार में उनकी सक्रिय भूमिका रही। वहीं युग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का नाम भी इस मामले से जोड़कर सामने आ रहा है। अब जरूरत है कि जांच एजेंसियां दस्तावेजों के आधार पर यह स्पष्ट करें कि जमीन के सौदों में किसकी क्या भूमिका रही और किसे इससे लाभ पहुंचा।

प्रशासन से सीधा सवाल

क्या जिलाधिकारी और एसडीएम बीकेटी इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराएंगे?

आम खरीदारों को कौन देगा जवाब?

जमीन खरीदने वाले आम नागरिक अक्सर अपनी जिंदगी भर की कमाई लगाकर एक छोटा सा आशियाना बनाने का सपना देखते हैं। लेकिन यदि खरीदी गई भूमि सीलिंग विवाद या न्यायालयीय आदेश के दायरे में है, तो भविष्य में उन्हें कानूनी और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

बख्शी का तालाब में सीलिंग भूमि की कथित खरीद-फरोख्त का यह मामला अब केवल जमीन के सौदे का नहीं, बल्कि न्यायालय के आदेशों के अनुपालन और प्रशासनिक जवाबदेही का भी सवाल बन गया है।

>> क्या तीनों गाटा संख्याओं की पूरी पत्रावली सार्वजनिक जांच के दायरे में आएगी? क्या संबंधित कंपनी और आरोपों में नामित राजनीतिक व्यक्ति से जवाब मांगा जाएगा?

तीन गाटा संख्या, कई सवाल और करोड़ों की आशंका!

गाटा संख्या 810, 775 और 92 की जमीन के मूल राजस्व अभिलेखों, सीलिंग संबंधी आदेशों, रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज की जांच बेहद जरूरी है। यदि सीलिंग भूमि को नियमों के विरुद्ध बेचा गया है, तो यह सरकारी भूमि और आम खरीदारों के हितों से जुड़ा गंभीर मामला हो सकता है।

शोभित विश्वविद्यालय में एकता की शपथ एवं रन फॉर यूनिटी का आयोजन



- राष्ट्रीय एकता दिवस पर अखंडता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का दिया संदेश
- सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया था आयोजन
- एचओडी से लेकर शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक की सहभागिता

मेरठ, ।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) वी.के. त्यागी, कुलसचिव डॉ. पंकज राणा, विभिन्न विभागों के निदेशकों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ लेकर देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

यह आयोजन भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया। सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए प्रतिभागियों ने एक सशक्त, एकजुट और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लिया। रन फॉर यूनिटी के माध्यम से विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय परिवार को राष्ट्रीय एकता, आपसी सहयोग, अनुशासन और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) वी.के. त्यागी ने राष्ट्रीय एकता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि देश की वास्तविक शक्ति उसकी विविधता में निहित एकता में है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश की प्रगति और सामाजिक सद्भाव में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कुलसचिव डॉ. पंकज राणा ने कहा कि राष्ट्रीय एकता केवल एक दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का निरंतर दायित्व है। विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के निदेशकों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को सार्थक बनाया। इस पहल के माध्यम से शोभित विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय मूल्यों, एकता और सामूहिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः अभिव्यक्त किया।

सार संक्षेप

एक्सपायरी पर नई डेट लगाकर बेचने वाले दो गिरफ्तार

मवाना। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व सीओ मवाना के निर्देशन में थानाध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में मवाना पुलिस ने एक्सपायरी खाद्य पदार्थों पर नई डेट डालकर बेचने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त शोभित अग्रवाल अपने साथी शिवम गुप्ता के साथ मिलकर बाजार से कम दाम में एक्सपायरी खाद्य उत्पाद खरीदता था और कृटरचित कर नई एक्सपायरी डेट प्रिंट कर ज्यादा दाम पर बेचकर अवैध मुनाफा कमा रहा था। इस संबंध में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि शर्मा की तहरीर पर थाना मवाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करके सोमवार को वांछित अभियुक्त शोभित अग्रवाल पुत्र मुकेश अग्रवाल निवासी मुहल्ला तिहाई होली चौक व शिवम गुप्ता पुत्र रवीश गुप्ता निवासी उत्सव मंडप मुहल्ला मुन्नालाल को नवीन मंडी व तहसील तिराहा से गिरफ्तार किया गया। दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाले थानाध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा, उपनिरीक्षक भुवनेश कुमार, हेड कांस्टेबल कपिल भाटी, कांस्टेबल आशीष शामिल रहे।

दो एनबीडब्ल्यू वारंटियों को किया गिरफ्तार

मवाना। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मवाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार दोनों आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करेगी।

दीयों की चमक और हस्तकला के हुनर से सजा स्वदेशी बाजार

मेरठ। कहीं मिट्टी के दीयों की कतारें आकर्षित कर रही हैं तो कहीं रंग-बिरंगी सजावटी वस्तुएं दीपावली की रौनक बढ़ा रही हैं। किसी स्टॉल पर पारंपरिक सुराही और बर्तनों की सादगी है तो कहीं आधुनिक डिजाइन में ढले मिट्टी के उत्पाद लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। मिट्टी की सोंधी खुशबू, कारीगरों के हाथों का हुनर और दीपावली की खरीदारी का उत्साह... पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में लगे क्षेत्रीय माटीकला मेले में सोमवार को कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। सोमवार को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सोमेंद्र तोमर और राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने चाक चलाकर खुद मिट्टी के दीपक बनाए और दीप प्रज्वलित कर सात दिवसीय मेले का विधिवत शुभारंभ किया।

नशेड़ी की कच्ची शराब पीने से मौत

फर्रुखाबाद। बीमार नशेड़ी युवक दीपचंद्र की अधिक कच्ची शराब पीने से मौत हो गई। दीपचंद्र थाना जहानगंज के ग्राम बंदरखेड़ा निवासी राकेशचंद्र का 35 वर्षीय पुत्र था। दीपचंद्र का शव कमालगंज आर पी डिग्री कॉलेज के निकट सड़क के किनारे आज सुबह देखा गया। 112 पुलिस की सूचना थानाध्यक्ष दीपक त्रिवेदी एवं दरोगा ने मामले की जांच पड़ताल की। और घटना की जानकारी परिजनों को दी। पुलिस ने दीपचंद्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल के निकट ही गिहारो की महरूपुर रावी बस्ती हैं। जहां कच्ची बराव बेची जाती है।

श्वान प्रदर्शनी एवं फल-फूल, शाकभाजी प्रदर्शनी का आयोजन

मेरठ, ।

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 'विज्ञान आधारित कृषि - खुशहाल किसान' विषय पर अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा हैं। यह मेला 2 नवम्बर से प्रारम्भ होकर 4 नवम्बर तक जारी रहेगा। किसान मेले में श्वान प्रदर्शनी एवं फल-फूल, शाकभाजी प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण का केन्द्र बने रहें। किसान मेले में कृषक, कृषक महिलाओं एवं माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने मेला भ्रमण कर नवीनतम तकनीकीयों की जानकारी स्टॉल के माध्यम से प्राप्त की।



- कृषि विचार गोष्ठी एवं चौपाल का आयोजन
- 140 से अधिक स्टाल लगाए गए

मेले के दूसरे दिन मंगलवार को किसान मेला परिसर में मण्डलीय रबी गोष्ठी आयोजन एवं किसान मेला उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि, सूर्य प्रताप शाही, मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उत्तर प्रदेश एवं अति विशिष्ट अतिथि, बलदेव सिंह औलख, राज्यमंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि, कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि, डा. एमके शन्मुगा सुन्दरम, प्रमुख सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उत्तर प्रदेश होगे। निदेशक प्रसार, डा. सतेन्द्र कुमार के द्वारा मेले के विषय में बताया गया कि इस वर्ष मेले का विषय 'विज्ञान आधारित कृषि-खुशहाल किसान' है।

त्योहारों और गढ़ गंगा मेले को लेकर शांति एवं सुरक्षा गोष्ठी आयोजित

किठौर, 2 नवम्बर (देशबन्धु)। आगामी दीपावली, धनतेरस, भाईदूज और गढ़ गंगा मेले को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को थाना किठौर परिसर में शांति एवं सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपजिलाधिकारी मवाना, थाना प्रभारी निरीक्षक, विद्युत विभाग के एसडीओ तथा 50 शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय किठौर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष वर्मा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, सुरक्षा समिति के सदस्य, सर्राफा कारोबारी एवं व्यापारी मौजूद रहे। गोष्ठी में अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। व्यापारियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री से बचने और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता बनाए रखने की हिदायत दी गई। वहीं, बिना वैध लाइसेंस एवं अनुमति के पटाखों की बिक्री नहीं करने तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। गढ़ गंगा मेले को लेकर विशेष सतर्कता बरतने पर जोर देते हुए भैंसा-बुग्गी दौड़ और ट्रैक्टरों से स्टंटबाजी नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई। नशे की हालत में वाहन चलाने और नाबालिगों को वाहन सौंपने से बचने को कहा गया। इसके अलावा खादर क्षेत्र में अवैध कब्जों से दूर रहने की चेतावनी देते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कही गई। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए व्यापारियों और ग्राम प्रधानों से अपने प्रतिष्ठानों, बाजारों एवं गांवों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने और उन्हें सुचारू रूप से संचालित रखने की अपील की गई।



- एसडीएम मवाना समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे मौजूद
- व्यापारियों और ग्राम प्रधानों को दिए सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश

संविधान संवाद अभियान का किया गया शुभारंभ



राजकीय इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों ने सीखा संविधान का मर्म

मेरठ, ।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देश और जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ के मार्गदर्शन में आज राजकीय इंटर कॉलेज में 'संविधान संवाद' संवैधानिक साक्षरता अभियान का प्रभावशाली शुभारंभ हुआ। यह विशेष अभियान 2 से 24 नवंबर तक जनपद के विद्यालयों में चलेगा। संविधान दिवस 26 नवंबर को एक भव्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी प्रस्तावित है।

कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री सोनिका वर्मा तथा अपर जिला विद्यालय निरीक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्रधानाचार्य, नोडल शिक्षक, विधिक साक्षरता क्लब के सदस्य और सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद रहे। सुश्री सोनिका वर्मा ने 'संविधान का निर्माण, इसके निर्माता और प्रस्तावना' विषय पर रोचक चर्चा की। सभी ने मिलकर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया और उसके प्रत्येक शब्द का अर्थ तथा महत्व समझा। संविधान सभा और महान निर्माताओं के योगदान पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर केन्द्र व राज्य आयोग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक



मेरठ, ।


भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी जनपद मेरठ में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों की समीक्षा करने पहुंचे। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी इस बैठक में उपस्थित रहे। अधिकारियों ने गोपनीय बैठक का हवाला देकर मीडिया से दूरी बनाकर रखी।

जिला सूचना द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस समीक्षा बैठक में मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद एवं अलीगढ़ मंडलों के अंतर्गत आने वाले कुल 18 जनपदों की विधानसभा निर्वाचन-2027 से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया गया। बैठक में संबंधित मंडलायुक्त, पुलिस आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभागिता की। संबंधित जनपदों के अधिकारियों द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों, निर्वाचन प्रबंधन एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़ी प्रगति का पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में निर्वाचन तैयारियों के विभिन्न पहलुओं पर अब तक की गई कार्यवाही एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत प्रदेश में निर्वाचन तैयारियों की यह समीक्षा की गई, ताकि संबंधित अधिकारी समयबद्ध ढंग से आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर सकें।

मेरठ की धरती पर कुत्तों की दुनिया ने जमाया रंग

मेरठ, ।

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (एसवीपीयूएटी) के खेल मैदान में आयोजित भव्य श्वान प्रदर्शनी ने पूरे क्षेत्र के श्वान प्रेमियों को एक छत के नीचे ला दिया। सुबह की ठंडी हवा में जब विभिन्न नस्लों के कुत्ते मैदान में उतरे, तो तमाशा देखने लायक था। बड़ी-बड़ी नस्लों से लेकर छोटी-छोटी नस्लों तक, हर कोई अपनी खूबसूरती, चाल और अंदाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत पंजीकरण और अनिवार्य स्वास्थ्य परीक्षण से हुई। इसके बाद विशेषज्ञों के निर्णायक मंडल ने हर श्वान की शारीरिक बनावट, चपलता और नस्ल के मानकों पर कड़ी नजर डाली। अंत में विजेताओं को ट्रॉफी, शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बड़ी नस्ल की श्रेणी में मुकाबला काटने वाला रहा। 6 माह से छोटी पप वर्ग में रिदम चौधरी के जर्मन शेफर्ड 'कीवी' ने बाजी मारी। हर्ष के 'ईवीई' को दूसरा और रिदम के 'मायरा' व विकास अहलावत के जीएसडी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला।



प्रत्येक अधिवक्ता की समस्या हमारी समस्या होगी: गौड़



फर्रुखाबाद, । बार कौंसिल ऑफ़ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन शिव किशोर गौड ने कहा कि प्रत्येक अधिवक्ता की समस्या हमारी समस्या होगी। श्री गौड आज सोमवार अपरान्ह 3:20 बजे बाद सदर तहसील टाउन हॉल परिसर में फर्रुखाबाद सदर तहसील अधिवक्ता महासभा के नव निर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों के शपथ ग्रहणोपरान्त आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। समारोह में अधिवक्ता जिंदाबाद का नारा लगवाते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव बाद राजनीति खत्म होनी चाहिए,प्रत्येक अधिवक्ता की समस्या हमारी होगी। समझ के साथ अधिवक्ता पर मिलकर समस्याओं के समाधान के लिए परस्पर मिलकर काम को करें।


आयोजन *दीपोत्सव पर सरयू तट बनेगा आस्था का केंद्र*

2147 अर्चक एक साथ करेंगे महाआरती

लखनऊ, । अयोध्या में दीपोत्सव-2026 की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सात नवंबर को होने वाले भव्य आयोजन में सरयू तट पर 2,147 अर्चक सामूहिक महाआरती करेंगे। लक्ष्मण किला घाट से नया घाट और राम की पैड़ी तक होने वाली यह आरती संध्या करीब 5:20 से 5:50 बजे तक चलेगी। दीपोत्सव के दसवें संस्करण को भव्य बनाने के लिए सरयू नदी के 56 घाटों को विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। घाटों की सजावट और सामूहिक महाआरती के जरिए रामनगरी में आस्था और आध्यात्मिकता का भव्य नजारा देखने को मिलेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में वर्ष 2017 में 1.71 लाख दीयों के प्रज्ज्वलन से शुरू हुआ दीपोत्सव इस बार अपने दसवें संस्करण में प्रवेश कर रहा है। जनभागीदारी और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ता यह आयोजन हर साल नए आयाम स्थापित करता रहा है। पिछले वर्ष 26 लाख से अधिक दीये जलाकर अयोध्या ने नया विश्व कीर्तिमान बनाया था। इस बार सात नवंबर को करीब 30 लाख दीयों से रामनगरी को रोशन किया जाएगा।

इस दौरान सामूहिक सरयू आरती, अंतरराष्ट्रीय रामलीला और 2,100 ड्रोन के जरिए रामायण के प्रसंगों का हवाई प्रदर्शन समारोह के प्रमुख आकर्षण होंगे।' *तीन साल में दोगुनी हुई अर्चकों की संख्या* मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दीपोत्सव में



सरयू तट पर होने वाली सामूहिक महाआरती प्रमुख आकर्षण होगी। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच हजारों दीपों से जगमगाते घाट अयोध्या की धार्मिक-सांस्कृतिक परंपरा की भव्य छटा प्रस्तुत करेंगे।

उन्होंने बताया कि हर साल महाआरती में अर्चकों की संख्या बढ़ती गई है। वर्ष 2024 में 1,121 और 2025 में 2,128 अर्चकों ने आरती की थी, जबकि इस बार 2,147 अर्चक एक साथ सरयू की महाआरती करेंगे। मंत्री ने बताया कि नौवें दीपोत्सव के दौरान वर्ष 2025 में 2,128 अर्चकों और वेदाचार्यों ने सामूहिक सरयू महाआरती कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया था।'

पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि 'दीपोत्सव अयोध्या की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था और जनभागीदारी का प्रतीक बन चुका है। हर वर्ष इस आयोजन का विस्तार प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाई दे रहा है। इस बार भी दीपों की भव्य सज्जा, सामूहिक सरयू आरती और आधुनिक तकनीक के समन्वय से दीपोत्सव को यादगार बनाया जाएगा। हमारा प्रयास है कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालु यहां की आध्यात्मिक परंपरा और सांस्कृतिक वैभव का विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें।'